# रिटर्निंग ऑफिसर अजय त्रिपाठी ने जिला पंचायत के निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 24 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंडरिया और बोड़ला के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक का सारणीरकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई।त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण 20 फरवरी को मतदान हुआ था। इसके बाद जिले के 08 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 01 से निर्वाचित दीपा पप्पु धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 02 से निर्वाचित श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 03 से निर्वाचित रामकुमार भट्ट, क्षेत्र क्रमांक 04 से निर्वाचित श्रीमती राजेश्री घृतलहरे, क्षेत्र क्रमांक 05 से निर्वाचित पूर्णिमा मनिराम साहू और क्षेत्र क्रमांक 06 से निर्वाचित ललिता रूप सिंह धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 07 से निर्वाचित श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू और क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्वाचित राजकुमार मेरावी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी रविकुमार साहू जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-11 से निर्वाचित

**राजनांदगांव,24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव का अंतिम चरण का मतदान 23 फरवरी को संपन्न हुआ। जिले के जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र क्रमांक 11 से खुज्जी निवासी कांग्रेस प्रत्याशी रविकुमार साहू नवनिर्वाचित हुए। वे खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू के पुत्र हैं।जनपद पंचायत क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्राम नवागांव, बडभूम, करेठी, खुज्जी के मतदाताओ ने श्री साहू के पक्ष में मतदान कर विजय श्री दिलाया।रविकुमार साहू के विजयश्री होने पर उनके समर्थकों एवं क्षेत्रवासियो ने फूलमाला पहनाकर, गुलाल लगाकर,मुंह मीठा कराकर स्वागत अभिनंदन किया। रविकुमार साहू ने क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से कहा कि जनपद पंचायत सदस्य रूपी विजय के लिए आपका आशीर्वाद से ही संभव हो सका है।

## एक नजर

### नाबालिग से अनाचार,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 24 फरवरी।** भिलाई नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाकर अनाचार करने वाले पिछ्ले 9 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी क खुर्सीपार पुलिस ने विशेष टीम तैयार कर गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376, 5, 6 पाक्सों एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि 23 जुलाई 2016 को प्रार्थिया ने खुर्सीपार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनकी नाबालिग लड़की को बीरसा लोहार कहीं भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले को गंभीरता से लिया विवेचना दौरान वर्ष 2018 में नाबालिग को ढूंढ लिया उसने बताया कि बीरसा लोहार उसे बहला फुसला कर ओडिशा ले गया था जहां उसके साथ लगातार शारिरिक संबंध बनाया उसको एक बच्चा होने पर रायगढ़ में छोड़कर भाग गया विवेचना के दौरान लगातार फरार आरोपी बीरसा लोहार की रायगढ़, ओडिशा, झारखण्ड एवं अन्य स्थानों पर तलाश की गई इसके बाद खुर्सीपार थाने पुलिस ने एक विशेष टीम तैयार की आरोपी बीरसा लोहार का पता तलाश के दौरान 22 फरवरी को शासकीय अस्पताल दुर्ग में अपने मामा से मिलने आने की सूचना मिली बीरसा लोहा ( 30 साल ) निवासी कैलाश नगर जामुल के अस्पताल में मौजूद होने की सूचना मिलने पर उसे घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**भिलाई, 24 फरवरी।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र एक तेज रफ्तार बाइकर्स ने स्कूटी सवार को ठोकर मार दी इस हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई पुलिस मामले की जांच में जुट गई है स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि कैंप-1 शास्त्री नगर निवासी चंद्र प्रकाश साहू अपनी एक्टिवा से बाइपास पर स्थित आरोग्यम अस्पताल डायलिसिस करा कर लौट रहा था इस दौरान बाइक सवार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को कुकदा पुल के पास जोरदार ठोकर मार दी घटना में चंद्रप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई चंद्र प्रकाश की दोनों किड़नी खराब होने से हर 15 दिन उक्त अस्पताल में डायलिसिस कराने जाया करता था चंद्रप्रकाश अस्पताल गया हुआ था। डायलिसिस कराकर अपनी एक्टिवा से अकेले धीरे-धीरे भिलाई की ओर आ रहा था तभी रायपुर पासिंग बाइक चालक छोटू शर्मा तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को चपेट में ले लिया बाइक और एक्टिवा की इतनी जोरदार ठोकर थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए चंद्र प्रकाश हादसे में दूर जा गिरा उसके सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई थी इसके कारण चंद्रप्रकाश की मौत हो गई।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**भिलाई, 24 फरवरी।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरसी मामा के घर जा रहे बाइक सवार की एक तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से की मौत हो गई हादसे के बाद मृतक 32 वर्षीय नरेंद्र साहू के स्वजन और गांव वालों ने मुआवजा और आरोपित वाहन चालक को मौके पर बुलाकर उसे सजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर शुरू कर दिया वे पुलिस को शव भी नहीं उठाने दे रहे थे करीब आधे घंटे प्रदर्शन के बाद पुलिस ने शव को वहां से उठाया और लोगों को खदेड़ा पुलिस ने आरोपित पिकअप चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी की है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि जोरापारा सिंधी स्कूल के सामने रायपुर निवासी नरेंद्र साहू दोपहर में अपने मामा जगलाल साहू के घर ग्राम बोरसी जाने के लिए निकला था ग्राम बोरसी में मनोज बाड़ी के पास पिकअप सीजी-07 सीआर 1730 ने बाइक सवार नरेंद्र को अपनी चपेट में ले लिया।

### ग्राम छाटा में संगीतमय भागवत महायज्ञ का आयोजन



**पाटन , 24 फरवरी।।** ग्राम छाटा पाटन में संगीतमय भागवत महायज्ञ का शुभ आयोजन बघेल परिवार के द्वारा किया जा रहा है जिसमें कथावाचिका बाल विदुषी रेणुका दीदी गोस्वामी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत रूपी अमृत की वर्षा हो रही है। कथा के छठवें दिवस श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी का शुभ विवाह की कथा झांकी के माध्यम से प्रदर्शित की गईएजिसे देख श्रद्धालुओं का हृदय गदगद हो उठा । कथा के सातवें दिवस में सुदामा चरित्र का अद्भुत वर्णन झांकी का मंचन किया जाएगाए जिसमें श्रद्धालुओं को आदर्श मित्रता की सीख प्राप्त होगी। अंतिम दिवस 21 फरवरी को गीता पाठए तुलसी वर्षाए सहस्त्रधारा आदि कार्यक्रम के साथ भंडारा की व्यवस्था भी आयोजक परिवार द्वारा की गई है।

इस आयोजन के मुख्य यजमान गिरधर लाल बघेल श्रीमती शैल बघेल हैं। आयोजक परिवार दीप्तिदृहिरेंद्र वर्मा,विद्यादृअभिनेष वर्माए वंदनादृभूपेंद्र वमा, रीनादृआशीष देशमुखए जयप्रकाश बघेलए रविप्रकाश बघेलए मीना वर्मा, रामेश्वरीदृपंथ राम वर्माए उमादृ सतानंद वर्मा तथा पूरा बघेल परिवार के साथ संपूर्ण ग्रामवासी इस आयोजन में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर दे रहे हैं।

# यातायात सुरक्षा के मद्देनजर उद्योगपतियों ने हेलमेट पहनने की विनम्र अपील की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 24 फरवरी।** वाहन चलाते हुए कवर्धा में लोग पहुंचते है मार्केटिंग के लिए आफिस के लिए लेकिन आखिर हेलमेट क्यों नहीं पहनते है चिंतनीय विषय है । कभी ना कभी एक्सीडेंट की घटना कवर्धा से पोड़ी वाली रोड पर या कवर्धा से रायपुर जाने वाली रोड पर होती है ऐसा बस में यात्रियों ने भी कही और हेलमेट नहीं पहनने के कारण गंभीर अवस्था में वाहन चालक आ जाते है । और चिंता का विषय यह भी है की होली का त्यौहार आ रहा है और नशे में भी ज्यादा लोग गाड़ी चलाते है इसलिए नशा मुक्ति अभियान और हेलमेट नहीं पहनने वालो पर भी चालानी कारवाई होनी चाहिए । जिला अस्पताल , क्लेक्ट्रेड कार्यालय ,कालेज , कोचिंग , शासकीय कार्यालयों में भी बिना हेलमेट के लोग पहुंचते है ।

यातायात सुरक्षा के मद्देनजर भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ,उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी ओर राइस मिल संचालक आनंद चंद्रवंशी ने सभी वाहन चालकों से अपील की हेलमेट पहनकर दुपहिया वाहन चलाए ओर कार चलाते समय समय शीट बेल्ट पहने । यातायात विभाग के अधिकारी लगातार यातायात सुरक्षा का संदेश भी देते है लेकिन अब समय आ गया है चालानी कारवाई का भी ।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में हुआ नवनिर्वाचित सरपंचों का सम्मान

**भिलाई, 24 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में नवनिर्वाचित सरपंच, पंच, पार्षद, जनपद अध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के जीएम शिवराजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को गांव का सर्वांगीण विकास करने के लिए जीवन में आध्यात्मिकता के समावेश द्वारा मन के पथरीले रास्ते रूपी नकारात्मक विचारों को छोड़कर, शुद्ध, शांत, श्रेष्ठ सकारात्मक विचारों को धारण कर बेहतर कार्य करने प्रेरित किया। दूसरों के साथ तुलना और ईर्ष्या को छोड़कर दूसरों की अच्छाई को स्वयं में धारण करना है। रात को सोने का समय और सुबह उठने के 15 मिनट हमारे जीवन में अमृत के समान होते हैं इस समय को परमात्मा को याद करके श्रेष्ठ कार्य की शुरुआत करें। भिलाई इस्पात सयंत्र के जीएम शिवराजन ने गुजरात और हैदराबाद की महिलाओं के उदाहरण से बताया की वहां पर 30 वर्षो पूर्व ही महिलाएं 4 व्हीलर के साथ ट्रक भी चलाती है। आज भले सरपंच महिलाएं हैं लेकिन निर्णय सरपंच पति करते हैं। आप सभी गाँव के विकास में स्वयं के निर्णय लें। ब्रह्माकुमारी अमिता दीदी ने सभी का राजयोगिनी आशा दीदी की तरफ से आभार व्यक्त किया। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने मेरे देश की धरती, सुन मितवा तुझको क्या डर है गीतों पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को श्रेष्ट कार्य करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने किया। कार्यक्रम में करंजा भिलाई, कुटेला भाटा, बेलोदी, बोरी गाँव, कचांदुर,खपरी, उतई, उमरपोटी,बासिन, डूमरडीह के नवनिर्वाचित सरपंच, पंच, जनपद अध्यक्ष, पार्षद उपस्तिथ रहे।



# ग्राम छांटा के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों की निकली विजय रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,23 फरवरी।** ग्राम छांटा के युवा नवनिर्वाचित सरपंच कमलेश चेलक वार्ड 01 से लेकर वार्ड 14 तक के पंचों सहित विजय रैली बाबा गुरु घासीदास के गुरू गद्दी एवं छोटे तालाब वार्ड 14 के जय स्तंभ का पूजा अर्चना आरती करके विजय रैली वार्ड 14 से वार्ड 01 तक पहुंची विजय रैली का जोशीला स्वागत नवनिर्वाचित युवा सरपंच कमलेश चेलक एवं पंचगन वार्ड 01 से श्रीमती जमुना यादव वार्ड 02 श्रीमती आरती साहू से वार्ड 03 से तिरिथ बाई साहू वार्ड 04 से श्रीमती कल्याणी बाई वर्मा वार्ड 05 से श्रीमती रजनी साहू वार्ड 06 से वार्ड महेश साहू वार्ड 07 से कल्पना यादव वार्ड 08 से श्रीमती उमा चेलक वार्ड 9 से संतोष यादव वार्ड 10 से अल्पा चलक वार्ड 11 से परमानंद वार्ड 12 से मनोज वर्मा वार्ड 13 से निर्विरोध धर्मिन बाई वार्ड 14 से प्रभाकर टंडन नवनिर्वाचित सभी पंचों का स्वागत एवं ग्रामीण जनताओं द्वारा साल श्री फ्ल से भेंट कर सम्मान किया गया !इस अवसर पर प्रमुख रूप से गाँव के सभी लोग मौजूद रहे चिंता राम विजय चेलक लीला बाई श्रीमती द्रोपती बाई त्रिवेणी चेलक रुक्मणी चेलक जया जोशी मोनिका चेलक रूपा चेलक पांचों बाई साहू ओम प्रकाश तुलसी राम रमेश महावीर यादव खिलेन्द यादव भानु निषाद एवं समस्त ग्रामवासी आशीर्वाद दिए।



**भिलाई।** बालोद जिले एवं धमतरी जिले के सरहदी क्षेत्र में रवि फसल की । लहलाती धान की फसल ग्राम डोटोपर से ली गई तस्वीर धान की फसल को निहारता किसान

## तालाब प्रकृति का अमूल्य उपहार,जिसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी

**राजनांदगांव,24 फरवरी।** परम् वंदनीय सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी 2025 को प्रकृति की शुद्धता व मानवता के उत्थान की ओर निरंकारी मिशन का एक और स्वर्णिम कदम अमृत प्रोजेक्ट के स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तीसरे चरण का आयोजन विश्व भर में हुआ आज राजनांदगांव में भी बुढ़ासागर के झूलेलाल घाट और झूलेलाल घाट से शिव मंदिर तक मॉर्निंग वॉक प्लेट फार्म को निरंकारी मिशन के अनुयायियों और सेवा दल के सदस्य लगभग 150 भाई बहनों ने साफ करने में बहोत महत्त्व पूर्ण योगदान दिया एवं इस साफ-सफाई में वार्ड नं.23 के पार्षद राजा माखीजा एवं नगर निगम के आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा जी सफाई स्थल पर आकर एवं नगर निगम के लगभग 30 सफाई कर्मियों को भी लाकर साफ-सफाई में बहुत ही अच्छा सहयोग दिया।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ने किया 10 लाख से बने भवन का लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,24 फरवरी।** समाज के विकास के लिए मंत्रणा आवश्यक है। गोडवाना समाज छत्तीसग? का प्रगतिशील समाज है। समाज के पास खुद का भवन होना गौरव की बात है। उक्त बाते उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछ?ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण और विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने कही। उन्होंने रविवार को 10 लाख से हिंद नगर में बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भवन की सार्थकता तब है जब हम वहां बैठ समाज को नई दिशा देने की चर्चा करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख कार्य कर रही है। जिसके पास भूमि नहीं है उन्हें 10 हजार के साथ.साथ सभी वर्ग के लिए महंगी चिकित्सा से निजात दिलाने आयुष्मान कार्ड की सुविधा दे रही है। इसी तरह गरीबों के लिए आवास सुविधा है। हर वर्ग की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत राशि दी जा रही है। वहीं महापौर शशि सिन्हा ने गोंडवाना समाज के सदस्यों को एक धागा में पिरोकर रहने वाला समाज निरूपित किया। महापौर ने मंदिर प्रांगण में भोले बाबा के प्राण प्रतिष्ठा किए जाने पर समाज को बधाई दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहूए पार्षद चन्द्रभान ठाकुरए ईश्वरी साहूए मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहूए राजू जंघेलए समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता विष्णु देव ठाकुर आदि उपस्थित थे। लोकार्पण समारोह में समाज के लोगों ने पेयजल की समस्या बताते हुए बोर उत्खनन की मांग की। विधायक ललित चंद्राकर ने अपने निधि से परिसर में जल्द बोर खनन कराने घोषणा की।

# महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा होगी स्थापित एवं बनेगा राजभर सामाजिक भवन



**भिलाई, 24 फरवरी।** भिलाई में महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापित होगी और छत्तीसगढ़ राजभर महासभा का सर्व सुविधायुक्त सामाजिक भवन भी बनेगा। इस आशय की घोषणा छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मलेन में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने की। 23 फरवरी रविवार को खुर्सीपार के श्रीराम चौक सेक्टर-11 जोन-2 में संपन्न सम्मलेन में जोशीले अंदाज में मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि राजभर समाज का अपना स्वर्णिम इतिहास है और इस समाज के लोग अपने बलबूते पर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों में राजभर समाज की प्रगति की रूपरेखा खींचते हुए मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार राजभर समाज की भूमिका को समझ कर उन्हें नेतृत्व प्रदान कर रही हैं यह बड़ी बात है। कार्यक्रम का उद्घाटन दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विजय बघेल ने कहा कि राजभर समाज के लोग एकजुट होकर अपने समाज के लिए सोच रहे हैं यह अच्छी बात है। सामाजिक उन्नति से ही देश प्रगति की राह पर बढ़ता है। विजय बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजभर समाज को आगे बढ़ने के लिए उनका पूरा सहयोग रहेगा। महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा एवं भवन निर्माण में योगदान देने की बात भी सांसद विजय बघेल ने कही। घोसी के पूर्व सांसद चंद्रदेव प्रसाद राजभर ने विशेष अतिथि के रूप में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजभर समाज के इतिहास के साथ न्याय नहीं किया गया। आज भी राजभर समाज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। हमें मिलकर सोचना होगा। पूर्व राज्य सभा सांसद सकलदीप राजभर ने छत्तीसगढ़ में राजभर समाज के कार्यों पर संतोष जताते हुए कहा कि वे इस समाज के उत्थान के लिए सतत लगे रहेंगे। भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित राजेंद्र परगनिहा ने विधायक देवन्द्र यादव द्वारा शुरू कराये गए सामाजिक भवन निर्माण की जानकारी देते हुए कहा कि महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना में भी विधायक देवेंद्र का का सहयोग रहेगा। सम्मलेन सभा के अध्यक्ष राजगुरु आचार्य शिव प्रसाद सिंह राजभर ने देश भर में चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। स्वागत भाषण देते हुए छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना एवं भवन निर्माण का संकल्प लिया। समारोह में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल ने सामाजिक सम्मेलन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी से सुन्दर समाज के निर्माण हेतु आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिवनाथ शुक्ल, राजभर एक्सप्रेस मुंबई के अखिलेश राजभर तथा भोजपुरी लोक गीत गायक मुंबई कमलेश राजभर सहित समस्त अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। समाज के युवा नेता भानुप्रताप राय ने युवाओं को सामाजिक कार्यों में आगे आने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को राजभर सेवा संघ मुंबई के अध्यक्ष अनिल कुमार आर राजभर, अ. भा. राजभर संगठन राष्ट्रीय वर्किंग कोर कमेटी के अध्यक्ष कटेश्वर प्रसाद राजभर, सुजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतलाल राजभर, वाराणसी के बिरहा गायक रामपत राजभर, शिरीष अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। समारोह में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं सहित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समाज के महासचिव सुरेश राज एवं कोषाध्यक्ष बी एल राजभर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सुभाष भारद्वाज, रायपुर से कवि अक्षय लाल भारद्वाज, बीरबली राजभर, डीडी प्रसाद, तूफानी राजभर, श्रीराम राजभर, राधेश्याम भारद्वाज, डॉ शिव प्रसाद भारद्वाज, राममूरत भारद्वाज, शिव पूजन प्रसाद, सुनील राजभर सहित देश भर से राजभर हस्तियां उपस्थित रहीं।

## वर्क आर्डर मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं, आयुक्त ने दी अंतिम चेतावनी

**रिसाली।** रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ऐसे निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैंए जो काम करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। आयुक्त के निर्देश पर निगम के अधिकारी अंतिम नोटिस जारी कर दी है। चेतावनी के दायरे में आने वाले निर्माण एजेंसी की संख्या लगभग 12 है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि शासन के अलग.अलग मद से वार्डो में नाली निर्माणए सीण्सीण् रोड और मंच निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया में वरीयता के आधार पर कार्य आरंभ करने कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्य आदेश भी जारी हो चुका है। इसके बाद भी निर्माण एजेंसी कार्य आरंभ करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। उन्होंने बताया कि अंतिम नोटिस के बाद भी कार्य आरंभ न करने पर कार्य रद्द कर ब्लेक लिस्ट करने के लिए पंजीकृत विभाग को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जनवरी में आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की थी।

## निधन

### गया प्रसाद शुक्ला



**भिलाई, 24 फरवरी।** नंदिनी माइंस के प्रतिष्ठित श्रमिक नेताए प्रांतीय माइंस फेडरेशन इंटक के पूर्व अध्यक्ष एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त अधिकारी गया प्रसाद शुक्ला का 23 फरवरी को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शुक्ला वर्तमान में भिलाई कॉलेज ऑफ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजीए जामुल के अध्यक्ष एवं सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भिलाई. दुर्ग के संरक्षक थे। उनकी अंतिम यात्रा 24 फरवरी को दोपहर 11 बजे उनके निवास नेहरू नगर ;पूर्वद्ध से निकली एवं अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे भिलाई कॉलेज ऑए इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के संचालक रवींद्र शुक्ला के पिताए नरेंद्र शुक्ला के चाचाए एवं राजशेखर तिवारीए सूर्य शेखर तिवारी के मामा थे। अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शर्मा, मंत्री जायसवाल, केदार कश्यप का जगदलपुर एयरपोर्ट पर स्वागत

**रायपुर 24 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,



वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप आज जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मेयर संजय पांडे ने गजमाला व साफा पहनाकर मंत्रीगणों का स्वागत किया। सभी मंत्रियों ने नवनिर्वाचित महापौर व पार्षदों को बधाई दी। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व महापौर सफीरा साहू, योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव, संग्राम सिंह राणा, सुरेश गुप्ता, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा,नरेंद्र पाणिग्रही,बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, एस पी शलभ सिन्हा, एडिशनल एस पी महेश्वर नाग, सभी पार्षदगण सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रैकमैन की अहमदाबाद हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई मौत

**डोंगरगढ़ 24 फरवरी।** बोरतलाव स्टेशन के पास डाउन ट्रैक नंबर दो में बीती रात 2:30 बजे एक ट्रैकमैन की ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान सवारी गाड़ी की चपेट में आने से 51 वर्ष रवि शंकर भोंडे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि 2:30 बजे बोरतलाव के समीप किलोमीटर 945/80 में रेलवे के कर्मचारियों के द्वारा मेंटेनेंस वर्क किया जा रहा था। ट्रैक नंबर दो डाउन लाइन में चल रहा है मेंटेनेंस के दौरान रवि शंकर बोंड़े पिता श्यामलाल भोंडे 51 वर्ष काम खत्म होने के बाद कटर मशीन को ट्रैक से दूर ले जाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर अहमदाबाद से हावड़ा की ओर जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस पास हो रही थी। इसी दौरान ही रवि शंकर भोंडे कार्य के दौरान अपना बैलेंस खो बैठे और हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। रेलवे कर्मचारियों की माने तो रविशंकर अपने परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी में निवास करते थे। उनकी तीन बेटियां हैं। दुखद घटना के बाद दोपहर 2:00 के करीब उनका पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर बॉडी को परिवारजनों को सौंप दिया गया।

### पुराना बस स्टैण्ड रोड के दुकानदारों को सामान अंदर रखने दी समझाइश

**राजनांदगांव 24 फरवरी।** प्रात कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः लोहार पारा, भरकापारा, मठपारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर पहुच सेन्टर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच करते हुये कहा कि सेन्टर में एकत्रित अनुपयोगी समान का जल्द निपटन करे, लोगों को समझाईस देवे कि वे घर में ही कचरा पृथककरण करे और नियमित रूप से यूजर चार्ज देवे। इसके अलावा एसएलआरएम सेन्टर के कार्य का सुचारू संपादन करे। इंदिरा सरोवर का निरीक्षण कर सरोवर के चारों ओर साफ सफाई रखने कटीली झाडिया काटने के निर्देश दिये, तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस देवे, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आस पास साफ सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला की सफाई कराने निर्देशित किये। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ में अव्यवस्था पर नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ साथ सुलभ में आवश्यक मरम्मत एवं साफ सफाई के अलावा उपयोग करने वालो की सुविधा का विशेष ध्यान रखने संबंधित को निर्देशित किये। उन्होंने स्वास्थ्य प्रभारियों से कहा कि बस स्टैण्ड सहित कैलाश नगर, मठपारा क्षेत्र में भी समुचित साफ सफाई कराया जावें।

### हत्या करने की नीयत से हमला करने वाले दो अपचारी बालक अभिरक्षा में

**राजनांदगांव, 24 फरवरी।** प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के लड़का को दो अपचारी बालक द्वारा पुरानी रंजीश के कारण अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए एक राय होकर चाकू से प्राण घातक हमला कर पेट, पीठ, कंधे मे वार कर घायल कर दिया जिसे ईलाज हेतु मेडिकल कालेज पेण्ड्री राज. मे ले जाने पर रिफर कर दिया गया कि रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पता साजी हेतु तत्काल स्टेशनपारा, शंकरपुर की रवाना किया गया पतासाजी कर विश्वस्त मुखबीर कि सूचना पर दोनो अपचारी बालको को शंकरपुर तालाब के पास छीपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दबीश देकर दोनो अपचारी बालको को शंकरपुर तालाब के पास मे घेराबंदी कर पकडा गया, पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो दोनो अपचारी बालको द्वारा अपराध करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त दो नग चाकू को जप्त कराया।

## छत्तीसगढ़ में विज्ञान और नवाचार की नई क्रांति

# सीएम साय के नेतृत्व में प्रदेश में बनेगी साइंस सिटी:शर्मा

- रायपुर के सेक्टर-13 में 13 एकड़ जमीन पर होगा निर्माण
- साइंस सिटी बनेगा वैज्ञानिक शोध और नवाचार का हब, छत्तीसगढ़ विज्ञान के क्षेत्र में रचेगा इतिहास-मुख्यमंत्री साय
- उपमुख्यमंत्री शर्मा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित




**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ अब शिक्षा, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में साइंस सिटी की स्थापना की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाए जा रहे हैं। नवा रायपुर के सेक्टर-13 में 30 एकड़ भूमि पर बनने वाली इस साइंस सिटी को आधुनिकतम तकनीकों से युक्त किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ को विज्ञान और तकनीक का नया केंद्र बनाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर आज उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के विजन के अनुरूप इस परियोजना को तेजी से और समयबद्ध रूप से पूरा करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्रीमती रेणु जी पिल्ले, छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का विजन: छत्तीसगढ़ बनेगा विज्ञान और नवाचार का अग्रणी राज्य**-बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ को केवल प्राकृतिक संसाधनों का राज्य नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचारों के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बैठक में निर्देशित किया कि साइंस सिटी को ÷एडुटेनमेंट÷ (शिक्षा + मनोरंजन) की अवधारणा पर विकसित किया जाए, जिससे छात्रों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिले। बैठक में बताया गया कि साइंस सिटी में कई अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी, जो इसे देश के अग्रणी विज्ञान केंद्रों में शामिल करेंगी। इसमें अंतरिक्ष एवं खगोल विज्ञान केंद्र, स्मार्ट सिटी एवं ग्रीन टेक्नोलॉजी सेक्शन, जलवायु परिवर्तन केंद्र, रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, एयरोस्पेस रिसर्च सेक्शन, वर्चुअल एक्सपेरिमेंट लैब, थ्रीडी थिएटर और इमर्सिव डिस्प्ले जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी।

इन नवाचारों के माध्यम से छात्रों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी सिर्फ एक शैक्षिक संस्थान नहीं, बल्कि यह प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक केंद्र बनेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि इसमें छात्रों के लिए एक्सपेरिमेंटल लर्निंग ज़ोन बनाए जाएं, जहां वे वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझ सकें।

## समाचार संक्षेप

### किरण रविन्द्र वैष्णव को जिला पंचायत सीईओ ने सौंपा प्रमाणपत्र

**छूरिया।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई है। जिला पंचायत राजनांदगांव कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ द्वारा किरण वैष्णव को प्रमाण पत्र सौंपा गया व उन्हें बधाई दी। किरण वैष्णव ने कहा कि यह जीत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के सभी मतदाताओं व मेरे भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत है।मैं आप सभी को सादर प्रणाम करती हूं।जिन्होंने मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया हैं आप सभी ने दिन-रात मुझसे भी ज़्यादा मेरे लिए मेहनत कर मुझे विजयी बनाया ।आपका आशीर्वाद और स्नेह सदैव ऐसे ही बना रहे, मैं निश्चित रूप से आप सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास निरंतर कार्य करूंगी। मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के साथ गैंदाटोला क्षेत्र में भी सुशासन का सूर्योदय हो गया है। मैं क्षेत्रवासियो की सेवा के लिए सदैव उपस्थित रहुंगी।आपने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे आशीर्वाद प्रदान किया है मैं आप साथ आपके सहयोग व आशीर्वाद से क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत सदस्य के लिए अधिकृत प्रत्याशी बनाया मैं सभी वरिष्ठ नेतागण को प्रमाण करती हूं।



### डॉ रमन सिंह के शासन काल की योजनाएं रंग लाई:बिरेन्द्र सोनी

**डोंगरगढ़ 24 फरवरी।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता बिरेन्द्र सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनेक महत्वकांक्षी योजना जैसे - प्रधान मंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, ऐसी कई योजनाएँ देश की जनता को ध्यान में रखकर योजना तैयार किया गया है। छग प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का महतारी वंदन योजना, माताओं बहनो के लिऐ वरदान से कम नहीं, उनके द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। प्रदेश के किसान माता बहने सभी खुश है, जिसका असर नगर निगम, नगरीय निकाय, त्रिस्त्रीय पंचायत चुनाव में देखने को मिल रहा है। छग् प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. विकास पुरूष डॉ. रमन सिहं के कार्यकाल में उनके जनहित में चलाई गई योजनाऐं जैसे - एक रूपये किलो चांवल, 108 संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना-स्मार्ट कार्ड में मुफ्त ईलाज, गर्भवती माताओ को पौष्टिक आहार और किसानो को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने ऐसे जनहित में योजनाए माता बहनो एवं किसानो को लाभ मिला, जिसका परिणाम नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत चुनाव में भाजपा को मिल रहा हैं। भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत भी रंग लाई है। श्री सोनी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आम नागरिकों, किसान एवं महिलाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा शासन की इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने वाले भाजपा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।



### ग्राम पंचायत बघेरा की ऐश्वर्या हरिश देशमुख सरपंच निर्वाचित

**राजनांदगांव, 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 17 फरवरी को ग्राम पंचायत बघेरा में पंच,सरपंच,जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव हुआ। ग्रामीण मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया यहां सरपंच पद के लिए प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमा रहे थे जिसमें ऐश्वर्या हरीश देशमुख ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर सरपंच चुनी गई। 1850 मतदाता मे 1697 वोट पढ़े,जिसमे श्रीमती ऐश्वर्या हरिश देशमुख को 1091 वोट पड़े और 653 वोटो से विजयी हुई।उसके बाद गांव में विजय जुलूस निकाला गया महिलाओं ने भी आरती व फूल माला पहनाकर नवनिर्वाचित सरपंच ऐश्वर्या हरिश देशमुख का स्वागत अभिनंदन किया। ऐश्वर्या हरिश देशमुख नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि मेरे सभी परिवारजनों के वोट रूपी आशीर्वाद के बल पर सरपंच चुनाव में मुझे ऐतिहासिक जीत दिलाकर विजयी बनाने के लिए आप सभी देवतुल्य जनता की अंतःकरण से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करती हूं।उन्होंने आगे कहा कि मेरे जीवन का क्षण क्षण और शरीर का कण-कण समस्त ग्रामवासियों के कल्याण हेतु समर्पित है हमारे गांव के सर्वांगीण विकास और हर नागरिक के जीवन को खुशहाल बनाने का लक्ष्य लेकर सदैव कार्य करती रहूंगी और आप सब की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगी मुझ पर विश्वास रखने के लिए आप सभी देवतुल्य मतदाताओं का हृदय की गहराईयों से आभार।



## अरुण सार्वा की जीत से क्षेत्र की जनता और युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह

- अरुण सार्वा ने अपनी जीत को किया जनता को समर्पित.. समर्थकों का किया आभार व्यक्त

कहा राजनीति में जनसेवा की नई शुरुआत करेंगे.. क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 24 फरवरी।** धमतरी जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 से जनसेवा का संकल्प लेकर चुनावी समर में उतरने का निर्णय लिया और इस चुनाव में एकतरफा जीत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी अंजोर निषाद को 14472 वोटो से पराजित कर दिया है अरूण सार्वा ने अपनी जीत का श्रेय अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र की जनता को दिया है। उल्लेखनीय है कि सिहावा नगरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कृषक के रूप में पहचाने जाने वाले सांकरा निवासी अरुण कुमार सार्वा युवा, ऊर्जावान और समाजसेवा के प्रति समर्पित अरुण कुमार सार्वा का यह कदम क्षेत्र की राजनीति में नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा, अरुण कुमार सार्वा के जीत पर क्षेत्र की जनता और युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।

**जनसेवा के लिए नई पारी की शुरुआत करेंगे अरुण कुमार सार्वा:** लंबे समय से क्षेत्र में कृषि में नवाचार अपना कर समाजसेवी के रुप में सक्रिय हो कर अपनी पहचान बनाई है, राजनीति के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और किसान भाइयों की आय को दोगुना करने के साथ ही कृषि के क्षेत्र में उन्नत कृषि को बढ़ावा देना है, प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करना है।

अब वे जनसेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जनप्रतिनिधि के रूप में अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का संकल्प ले चुके हैं। युवा नेतृत्व और विकास की सोच युवा चेहरे के रूप में अरूण कुमार सार्वा की छवि स्पष्ट, ईमानदार और जनहितैषी रही है।

वे हमेशा समाज के विकास और नागरिकों के हक की आवाज उठाने में अग्रणी रहे हैं। उनकी जीत के बाद क्षेत्र के युवाओं और आम जनता में उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोग उन्हें एक सशक्त और जागरूक प्रतिनिधि के रूप में देख रहे हैं, जो क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और उनके समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### छुरिया ब्लाक के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ

**छुरिया, 24 फरवरी।** खुज्जी विधान सभा के 2025 में हुये त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अचानक से कांग्रेस का सूपड़ा साफ नजर आया बहुत मेहनत के बाद भी खुज्जी विधायक की मेहनत काम नहीं आई और छुरिया ब्लाक में कांग्रेस की इज्जत नहीं बचा पाये। जैसा कि हम सभी जानते है कि यह समय त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों का चल रहा है। छुरिया ब्लाक में 25 जनपद सदस्यों का चुनाव और 3 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हुआ है। जिसमें से भाजपा के लगभग 19 प्रत्याशियों ने सीट पर कब्जा किया है जिला पंचायत में भाजपा के 3 सदस्य आये हैं। इस हिसाब से 6 सदस्य कांग्रेस से पहुंचे है, जो कांग्रेस पार्टी की इज्जत के हिसाब से बहुत कमजोर हैं खुज्जी विधायक क्योंकि उनके पूरे प्रयास से मात्र 6 सदस्य ही जनपद पहुंचे हैं छुरिया जिला पंचायत में कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पायी। जबकि कांग्रेस पार्टी ने विधायक की मन पसंद पर जिला संगठन ने मोहर लगाते हुये छुरिया पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा को मैदान में उतारा था फिर भी कांग्रेस की नैया पार नहीं लगी और इस चुनाव के परिणामों के सामने आते ही खुज्जी विधायक की किरकिरी चारों ओर हो रही है। और तो और छुरिया नगर पंचायत और अम्बागढ़ चौकी में भी कांग्रेस अपनी हार को लेकर बहुत चिंतित है कि आखि क्या कारण हुआ कि कांग्रेस एक साथ इतनी जगह चुनाव कैसे हार गयी। कांग्रेस के रीतेश जैन छुरिया के 15 वार्डों के चुनाव में सिर्फ 1 मात्र 7 नम्बर वार्ड में ही चुनाव जीत पाये हैं बाकी 14 वार्डों की कहानी कहने लायक नहीं है। जबकि छुरिया कांग्रेस में कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष तथा बड़े नेताओं की कोई कमी नहीं है फिर भी इन बड़े बड़े पद धारक नेताओं ने भी कांग्रेस की लाज न बचाने असफल कोशिश की और अंत में नाकामयाबी ही हाथ लगी।




- कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष की मनमानी पड़ी भारी

## जीवन के परिवर्तन के लिये अच्छे विचार सेवा व सहयोग जरूरी :समता सागर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 फरवरी।** जीवन के परिवर्तन के लिये केवल अच्छे विचार ही जरूरी नहीं सेवा और सहयोग भी आवश्यक है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की समाधि स्थल चंद्रगिरी में रविवारीय धर्म सभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री ने देश दुनिया के सामने मात्र विचार ही नहीं दिये बल्कि उन विचारों को बारीकियों से समझा तथा समाज को सक्रिय कर उन विचारों के माध्यम से विभिन्न - विभिन्न आयाम भी स्थापित किये एवं ÷सम्यक् दर्शन÷ का सही पाठ पढ़ाया। उनके जीवन की करूणा हर उपेक्षित वर्ग के साथ थी तभी तो हथकर्घा के उपक्रम खड़े किये तथा भाग्योदय एवं पुण्योदय जैसे तीर्थों को खड़ाकर के मानव सेवा का मार्ग भी प्रशस्त किया। सुसंस्कृत और शिक्षित नारी के लिये प्रतिभास्थलिओं के माध्यम से बेटीयों की शिक्षा तथा गौ शालाओं के माध्यम से समस्त प्राणिओं की रक्षा का भाव रख कर पूज्य गुरुदेव ने सक्रिय सम्यक् दर्शन की भूमिका को आप सभी के सामने रखा है। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री कभी किसी के विरोध में खड़े नहीं हुये, कभी किसी ने उनका अथवा उनके विचारों का या किसी उपक्रम का विरोध भी कर दिया तो उसको भी वह मुस्करा के टाल गये7 उनका चिंतन इतना गहरा था कि विरोधी भी उनके सामने घुटने टेक देते थे अपनी मधुर मुस्कान के साथ सामने वाले को सहजता से स्वीकार करा देते थे यही कारण था कि जो लोग एकांतवादी विचारधारा के तथा असहज थे वह भी गुरुदेव के चरणों में आकर झुकते हुये देखे गये। सागर में आचार्य श्री के पास विद्वानों की एक टोली आई और कहा कि आचार्य श्री कुछ मुनि विरोधी लोग मुनिओं के विषय में बहुत ऊटपटांग लिखते है और कहते है कि ÷पंचमकाल में मुनि नहीं होते÷ आपने कभी इनका विरोध नहीं किया? तो आचार्य श्री ने मधुर मुस्कान के साथ उनको बोले कि किसने कहा कि मैंने उनकी इस बात का विरोध नहीं किया?

## सरपंच पद पर टेड़ेसरा पंचायत में खिलेश्वर साहू की शानदार जीत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 24 फरवरी।** जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेड़ेसरा से सरपंच पद पर हुए चुनाव में डॉक्टर खिलेश्वर साहू ने शानदार जीत दर्ज कि है। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में सरपंच पद के लिए सात उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें डॉक्टर खिलेश्वर साहू ने 1524 सर्वाधिक मत पाकर विजयी हुए।वे दूसरी बार सरपंच बने।खिलेश्वर साहू के सरपंच पद पर नामांकन भरते ही ग्राम पंचायत के मतदाता एवं उनके समर्थक उत्साहित थे।बता दें कि खिलेश्वर साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष भी है ।सरपंच निर्वाचित होने पर डॉक्टर खिलेश्वर साहू ने टेड़ेसरा के मतदाताओं के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि टेड़ेसरा के जनता ने जो मुझे स्नेह और विश्वास दिया है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। गांव के हित में पुरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़ा रहूंगा। यह जीत ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के मतदाताओं कि जीत है मेरे सभी कार्यकर्ताओं की जीत है, उन्होंने कहा कि पुरी प्रतिबद्धता के साथ ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के सर्वांगिण विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी, ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। बड़ी संख्या में उनके समर्थक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## साइबर सेल राजनांदगांव की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी मोबाइल सिम सायबर ठगों को पहुंचाये जाने का हुआ खुलासा

- भारत के साथ-साथ विदशों में जैसे (म्यांमार, कंबोडिया, लाओस एवं फिलिपिंस) में साइबर ठगी में इन फर्जी सिम का उपयोग किया जा रहा है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 24, फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में जिले में ''मिशन साइबर सुरक्षा'' के तहत् लगातार विभिन्न सायबर अपराधों में संज्ञान लेकर कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से फर्जी सीम संबंधित विषय में प्राप्त सूचना के आधार पर कि थाना गैंदाटोला क्षेत्र में प्वाईंट आफ सेल (पी.ओ.एस.) कोड 7470700724 पोखन मोबाइल एड्रेस 112 गैंदाटोला छुरिया राजनांदगांव के द्वारा फर्जी सिम कार्ड आबंटित किया जा रहा है और इसका उपयोग सायबर अपराधों में भारत के साथ साथ विदशों में (जैसे म्यांमार, कंबोडिया, लाओस एवं फिलिपिंस) में भी किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना प्रभारी गैंदाटोला एवं सायबर सेल की टीम को जल्द मामले की पतासाजी हेतु कहा गया। सायबर सेल की टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त मोबाईल नम्बरों एवं जहां से ये सीम आबंटित किये गये थे ऐसे प्वाईंट आफ सेल की खोजबीन की गई और थाना गैंदाटोला में अपराध क्रमांक 14/2025 धारा 318(4),61 (2), बीएनएस एवं 66(सी) आई.टी. एक्ट पंजीबद्ध करवाया गया। पतासाजी के दौरान प्वाईंट आफ सेल संचालक, एजेन्ट तथा फर्जी सीम को आरोपियों तक पहुंचाने वालों की खोजबीन की गई।

### आरोपी

(1) हेमंत डोंगरे पिता चन्द्रभान डोंगरे उम्र 25 साल निवासी सीताकसा थाना गैंदाटोला।
(2) प्रखर सिंह चौहान पिता सुरेन्द्र सिंह चौहान उम्र 24 साल निवासी छुरियाडोगरी थाना गैंदाटोला।
(3) तरण कुमार साहू पिता शिवकुमार साहू उम्र 22 साल निवासी जोशीलमती थाना गैंदाटोला।
(4) शेख सरफराज पिता स्व0 शेख अज्जू उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं0 19 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़।
(5) कैलाश राम पडोती पिता पेमुलाल पडीती उम्र 20 साल निवासी गोपालपुर थाना छुरिया।

### ग्राम बाईरडीह के शादी समारोह में खुले आम चाकू और डंडा चला

**छुरिया 24 फरवरी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बोईरडीह में बीती रात गांव के एक शादी समारोह में नाच गाने को लेकर आपसी झगड़ा हो गया जिसके बीच बचाव करते हुये ग्रामीणों ने समझाने की कोशिश की तो राजकट्टा डोंगरगढ़ से चौथिया आये बारातियों ने शादी समारोह में हुड़दंग मचा दिया और गांव वालों के साथ मारपीट एवं अन्य हरकतों से गांव वालों के मन में दहशत पैदा कर दिया जिसके चलते छुरिया थाना ने रूपेश कुमार के दर्ज रिपोर्ट के आधार पर अपनी त्वरित कार्यवाही की जो इस प्रकार है। बीती रात को प्रकरण के प्रार्थी रूपेश कुमार ग्राम बोईरडीह द्वारा दिनांक 22/2/2025 को थाना छुरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/2/25 को गांव के लक्ष्मण कुंजाम के घर ग्राम राजकट्टा (डोंगरगढ़ )से चौथिया आया हुआ था वहीं पर रात्रि करीबन 8.30 बजे बच्चों का नाचने की बात पर से आपस में विवाद हो रहा था तभी राजकट्टा के कुछ लोग बोईरडीह के लोगों के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए चाकू, लाठी, ईट एवं हाथ मुक्का से मारपीट किए हैं की जिसकी रिपोर्ट पर थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 26/25 धारा 296, 115(2), 118(1) 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



- थाना छुरिया पुलिस की त्वरित कार्रवाई
- आरोपियों के कब्जे से चाकू एवं लाठी जब्त

## संपादकीय

# हार के लिए दूसरों को दोष क्यों देना

राजनीति में चुनाव होते रहते हैं, हार-जीत होती रहती है। सच्चा व अच्छा नेता तो वह होता है जो अपनी पार्टी की हार के लिए पार्टी नेताओं और खुद को जिम्मेदार मानता है, वह हारने के बाद सहज स्वीकारता है कि पार्टी को जिताना मेरी और पार्टी नेताओं की जिम्मेदारी थी, हम यह जिम्मेदारी अच्छे से नहीं निभा सके, पार्टी की हार के लिए मैं दोषी, पार्टी के नेता दोषी हैं। पार्टी की हार के लिए दोषी नेता खुद को जिम्मेदार मानता है इसलिए वह हार के कारणों को जानने की कोशिश करता है और अगले चुनाव में वह फिर से जीतने की कोशिश करता है और ऐसा नेता चुनाव जीतता भी है। जो नेता हार के लिए हमेशा खुद की जगह दूसरों को दोषी मानता है और दोषी ठहराता रहता है, उसे अपनी हार के कारणों का पता ही नहीं चलता है, इसलिए वह अपनी व पार्टी की कमी-खामी को दूर भी नहीं कर पाता है और चुनाव हारता जाता है और हमेशा इसके लिए दूसरों को दोषी ठहराता रहता है। राहुल गांधी ऐसे ही नेता हैं पिछले हर चुनाव में वह पार्टी की हार के लिए खुद को दोषी नहीं मानते हैं, वह खुद को दोषी नहीं मानते हैं, इसलिए वह दूसरों को दोषी बताते है,बार-बार कहते रहते हैं कि दूसरों के कारण कांग्रेस चुनाव हार जाती है। इस बार उन्होंने कांग्रेस की हार के लिए बसपा को दोषी माना है, मायावती को दोषी माना है। उन्होंने रायबरेली में आयोजित दलित छात्रों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि मायावती आज तक कोई चुनाव ठीक से नहीं क्यों नहीं लड़ीं। हम चाहते थे मायावती भाजपा के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़े, कांग्रेस सपा के साथ चुनाव लड़े,तीनों पार्टियां एक हो जाती तो भाजपा लोकसभा का चुनाव कभी नहीं जीतती।उन्होंने आरोप लगाया है कि मायावती भाजपा की बी टीम बन कर काम कर रही है।उन्होंने डॉ.अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उनके पास सुविधाओं का अभाव था फिर भी उन्होंने पूरी राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था।उन्होंने दलित युवाओं में हमेशा की तरह नाराजगी पैदा करने के लिए, यह एहसास दिलाने के लिए तुम बड़ी कंपनियों में क्यों नहीं हो, सवाल पूछा कि देश की शीर्ष कंपनियों में कितने दलित युवा हैं।इस उदाहरण से उन्होंने साबित करने की कोशिश की कि पूरी व्यवस्था ही दलितों के खिलाफ है।और नहीं चाहती है कि वह आगे बढ़े,उन्होंने दलित युवाओं में व्यवस्था के प्रति नाराजगी पैदा करने के लिए खुद को दलितों का सबसे बड़ा हितैषी बताने के लिए कहा कि व्यवस्था आप पर रोज हमला करती है,कई बार तो आपको पता नहीं चलता है वह आप पर कैसे हमला करती है। ऐसा कहकर उन्होंने दलित युवाओं को बताने की कोशिश की कि आप पर होने वाले हमले के बारे में आपको मालूम नहीं है, मायावती को मालूम नहीं लेकिन राहुल गांधी को मालूम है यानी राहुल गांधी से बड़ा कोई दलित हितैषी नेता है क्योंकि कोई और नेता दलितों को बता नहीं रहा है कि उनका दुश्मन कौन है, वह किस वजह से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। मैं आपको बता रहा हैं कि आप आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं तो व्यवस्था के कारण और इस व्यवस्था के लिए दोषी कौन है, पीएम मोदी और भाजपा। यानी आपको अपनी स्थिति सुधारनी है, आगे बढ़ना है तो आप उन नेताओं का साथ छोड़ दो जो आपको आगे नहीं बढ़ने से परेशान नहीं है, आपके पास नहीं आते हैं आपको बताते नहीं है कि आपकी समस्या का समाधान कैसे होगा। राहुल गांधी को उनके सलाहकारों ने बताया है कि यूपी में कांग्रेस की बड़ी जीत के लिए मुसलमानों के साथ ही दलितों, पिछड़ों और ब्राम्हणों का वोट जरूरी है। यही वजह है कि वह दलितों के नाम पर कांग्रेस के ही आयोजित कार्यक्रम में जाकर दलितों को बताने का काम कर रहे हैं कि तुम्हारे दलित नेता तुम्हारे लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। वह भाजपा को हराने के लिए चुनाव ठीक से नहीं लड़ते हैं, चुनाव ठीक से नहीं लड़ने का मतलब है कि देश के सारे दलित नेता भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस के पीछे खड़े नहीं हो रहे हैं। पिछली बार यूपी में सपा और कांग्रेस ने भाजपा की सीटें कम कर दी, अगर उस वक्त मायावती ने भाजपा को हराने के लिए हमारा साथ दिया होता तो भाजपा चुनाव जीत ही नहीं पाती। राहुल गांधी मायावती को भाजपा की जीत के लिए दोषी बता रहे हैं ताकि दलित युवा उनको छोड़कर कांग्रेस के पाले में आ जाएं। राहुल गांधी और उनके सलाहकार भूल जाते हैं कि दलित युवाओं को भी मालूम है कि मोदी सरकार तो दस साल ही सत्ता में है, आजादी के बाद तो कई दशकों तक कांग्रेस सत्ता में थी. तब क्या दलित युवा देश की शीर्ष कंपनियों में थे। दलित युवा आजादी के बाद से देश की शीर्ष कंपनियों में नहीं है, राजनीति में बड़े बड़े पद पर नहीं है, मंत्री, मुख्यमंत्री नहीं है तो इसके लिए तो कांग्रेस ही दोषी है। दलितों ने तो कांग्रेस को बरसों वोट दिया है, देखा जब कांग्रेस उनका भला नहीं कर रही है तो उनने कांग्रेस की जगह दूसरे दलों के साथ चले गए। इससे दलितों का कोई फायदा हुआ हो या न हुआ हो लेकिन कांग्रेस को राजनीतिक रूप से बहुत नुकसान हुआ है। वह कई राज्यों सहित राष्ट्रीय राजनीति में इतनी कमजोर हो गई है कि वह कई राज्यों में अकेले भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है, लोकसभा के चुनाव में वह तीन बार भाजपा को हराने का प्रयास अकेले और कई दलों के साथ मिलकर कर चुकी है लेकिन वह भाजपा को एक बार भी नहीं हरा सकी है।वह चाहती है कि भाजपा को हराने के लिए देश के सभी दल उनके साथ आ जाएं, वह राज्यों में अपने हित की चिंता न करें। ऐसा होता नहीं है क्योंकि कोई राजनीतिक दल में अपने हित को छोड़ ही नहीं सकता है, वह राज्य में मजबूत रहेगा तब ही तो उसको राजनीतिक फायदा होगा। कांग्रेस सहयोग के लिए उस पर निर्भर रहेगी। कांग्रेस खुद कई राज्यों में अपने राजनीतिक हित के लिए अपने सहयोगी दलों को कुछ सीटें चुनाव लड़ने के लिए नहीं देती है और वह चाहती है कि उन राज्यों में राजनीतिक दल कांग्रेस का सहयोग करे, जहां कांग्रेस कमजोर है,कांग्रेस जहां खुद मजबूत है, वह सहयोगी दलों को कोई मदद नहीं करती है,ऐसे में सहयोगी दल भी अपने राज्य में उसकी मदद नहीं करते हैं। राहुल गांधी चाहते हैं कि यूपी में सपा,बसपा और कांग्रेस पहले मिलकर चुनाव लड़े और यूपी में भाजपा को मिलकर हराएं। ऐसा होना मुश्किल है क्योंकि मायावती व अखिलेश एक साथ आने को तैयार नहीं है। अखिलेश मायवती को ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं होंगे और मायावती कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं होंगी। राहुल गांधी मायावती, अखिलेश को एक साथ ला सके तो यह बड़ी जीत होगी।

राजनीति

# जहर उगलने वाले क्या जानें 'उर्दू की मिठास'

तनवीर जाफरी



आपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हाँ हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्रायः हिंदी में ही लिखता पढता हूँ। परन्तु शेर-ो-शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है ,इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात( अमृत ) पीकर आई है' तो यकीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों, साहित्यकारों,राज नेताओं,बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे। मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूँकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिये लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रुपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्ताँ,अदालत,वकील,इंसाफ,मुंसिफ,पाएजामा,पेशाब, पंजाब,दरवाजा, खिलाफ,मुखालिफत शराब, किताब, इंकेलाब जिंदाबाद, 'शाही'(स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर,शाह,बादशाह,हकीम,हाकिम,हुक्म,सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है। इसके बावजूद उर्दू जैसे मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुये उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर




हमलावर होते हुये यह कहा कि - ये 'अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा।' योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है ? क्या उर्दू पढ़कर लोग कठमुल्ला बन जाते हैं ? यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित, पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर,दया नारायण निगम,जगत मोहन लाल 'रवां' ,नौबत राय 'नजर',मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क' , नाथ मदन सहाय ,पंडित दया शंकर कौर 'नसीम',पंडित रतन नाथ 'सरशार',राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख़्तर , राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद ',कृष्ण बिहारी नूर,संजय मिश्रा 'शौक ,राम प्रकाश ह्यबेखुदह्ल, खुशबीर सिंह ह्यशादह्ल ,मनीष शुक्ल,आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर,रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल,अशफाकुल्लाह खान,सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गाँधी,पंडित जवाहरलाल नेहरू,रघुपति सहाय फिराक,आनंद नारायण 'मुल्ला',ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्भाव बांटते थे इसीलिये उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा। मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओँ से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों,शहरों,कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गये हैं। जैसे फैजाबाद,मुगलसराय,इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं। ऐसे ही संकीर्ण मानसिकता के लोगों की नजरों में उर्दू पढ़ने वाला सिर्फ 'मौलवी' बनता है वह भी 'कठमुल्ला '? कहना गलत नहीं होगा कि ऐसी ही संकीर्ण मानसिकता के लोग हमारे देश की सांझी तहजीब के दुश्मन हैं। इन्हें मुसलमानों से नफरत,मस्जिदों से नफरत,मदरसे इन्हें नहीं भाते,उर्दू शब्दों वाले नामों से इन्हें नफरत। कब्रिस्तान और शमशान में भेद करना इन संकीर्ण मानसिकता वादियों का व्यसन। धर्मों,जातियों व भाषाओं का विरोध करने वाले यह लोग इतने शातिर हैं कि यदि कोई इन संकीर्ण अतिवादियों का विरोध करे तो यह उसे विधर्मी,देशद्रोही,राष्ट्र विरोधी कुछ भी कह डालते हैं। क्योंकि दुर्भाग्यवश देश की सत्ता आज विषवमन करने वाले ऐसे लोगों के हाथों में है जो 'उर्दू की मिठास' व उसके एहसास व प्रभाव को समझ पाने की क्षमता कतई नहीं रखते।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी को मनाने की आवश्यकता है। आपको अपने काम के साथ-साथ शारीरिक समस्याओं पर भी ध्यान देना होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मान सम्मान मिलने से खुशी होगी। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपका कोई काम पूरा होने में समस्या आएगी। आप अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है। आपको किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना होगा। यदि कोई पारिवारिक समस्या आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी पर पूरा ध्यान देना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपनी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान दें। यदि आप कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल सकता है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके परिवार में किसी सदस्य से फोन कॉल के जरिए कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। विदेश जाकर पढ़ाई कर रहे लोगों को खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको यदि धन को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। कारोबार में आपको कुछ नए लोगों को शामिल करना पड़ सकता है। आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको व्यवसाय मे यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने घर किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कला और कौशल में निखार आएगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद खड़ा हो सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। आय और व्यय में आपको संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ सामंजस्यता बनाए रखनी होगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपकी आय बढ़ने से खुशी होगी। विद्यार्थियों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं, जिसमें उनको बेहतर रिजल्ट मिलेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको छुटकारा मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके कुछ बढ़ते खर्च आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे। आपको किसी पारिवारिक मामले में जीत मिलेगी। आपका कोई लेनदेन आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर टेंशन रहेगी। वरिष्ठ सदस्यों से यदि आप कोई वादा करें, तो आपको उसे पूरा करने की आवश्यकता है। बिजनेस में आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको काम को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी उतना लाभ न मिलने से टेंशन हो सकती है। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

मकर- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान पुण्य के कार्यों में लगाएंगे। धार्मिक आयोजनों में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। आपको अपने स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के काम बेहतर रहेंगे। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए शुभ सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। यदि आपके ऊपर कुछ कर्जा था, तो उसमे भी आपको राहत मिलेगी। आपके बॉस आपके प्रमोशन की बात आगे बढ़ा सकते हैं। आपको अपनी इनकम के साथ-साथ अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी वाद-विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। बिजनेस में भी आपको मन मुताबिक काम मिल सकता है। आज आपकी कोई मां की इच्छा पूरी हो सकती है। पारिवारिक मामलों को लेकर यदि आप परेशान थे, तो वह भी बड़े सदस्यों की मदद से आसानी से दूर हो सकेंगी।

व्यापार

# टाटा ईवी ने 2 लाख ईवी की बिक्री का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया

2 लाख से अधिक ईवी की बिक्री के साथ भारत की ईवी क्रांति के झंडाबरदार और भारतीय ईवी बाजार के लीडर, TATA.ev ने इस दमदार पड़ाव का जश्न मनाने की शुरुआत कर दी है, जिसके लिए उसने न केवल ग्राहकों का धन्यवाद किया है, बल्कि अगले 45 दिनों तक कई तरह के सीमित समय के शानदार फायदों को भी पेश किया है, जिनका उद्देश्य न केवल नए ग्राहकों को स्थायी और उत्सर्जन मुक्त इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनो के लिए प्रोत्साहित करना है, बल्कि मौजूदा टाटा मोटर्स के वाहनों के मालिकों और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिकों को नई ईवी में अपग्रेड करने की सहूलियतदेना भी है।

TATA.ev के 2 लाख से ज़्यादा संतुष्ट ईवी ग्राहकों के कस्टमर बेस ने केवल 5 सालों में सामूहिक रूप से 5 अरब किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय की है, जिससे 7 लाख टन उड2 उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है। इस कारण से, जब से यह कैटेगरी प्रभावी रूप से तैयार की गई है, तब से ही कंपनी ने ईवी स्पेस में सबसे ज़्यादा बिकने वाले 4-व्हीलर उत्पादक के रूप में अपने लीडरशिप को मजबूत किया है। 8,000 से ज़्यादा ईवी यूजर्स ने 1 लाख किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय की है, जिससे TATA.ev का प्रोडक्ट पोटफोलियो समझदार ग्राहकों के लिए अपने दमदार वैल्यू प्रपोजिशन को साबित करता है। इसके अलावा,TATA.ev ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहकों तक ईवी तक को अधिक सुलभ बनाने वाले इकोसिस्टम को विकसित करने की दिशा में सक्रिय रूप से निवेश कर रहा है। इसने हाल ही में 2027 तक 400,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट स्थापित करके भारत के पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को दोगुना करने के प्रयासों की घोषणा की। लगातार नए कीतिर्मान स्थापित करते हुए और नवाचार, इंफ्रास्ट्रक्चर और बाजार विकास पर एक अटूट ध्यान देते हुए, TATA.ev मोबिलिटी के भविष्य को आकार दे रहा है और एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल करते हुए भारत की वैश्विक ईवी उम्मीदों पर खरा उतर रहा है। इस 45 दिवसीय बम्पर उत्सव के तहत, TATA.ev ने उन नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के लिए कई तरह के फायदों का अनावरण किया है, जो अपने पसंदीदा टाटा ईवी खरीदने के इच्छुक हैं। इनमें एक्सचेंज बोनस, बैटरी पर आजीवन वारंटी, और 100% ऑन-रोड फाइनेंस के विकल्प शामिल हैं। चार्जिंग सुविधा को बढ़ाने की कोशिश में, कंपनी किसी भी टाटा पावर चार्जिंग स्टेशन में 6 महीने तक मुफ़्त चार्जिंग देने का लाभ पेश कर रही है, और अब ईवी की खरीद के साथ 7.2 'ह अउ फास्ट होम चार्जर का मुफ़्त इंस्टॉलेशन दे रही है।

व्यंग्य

# जनता की चुटकी: अनर्गल शब्दों की सभा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



एक बार फिर, हमारे राजनेताओं ने अपनी चतुराई और नाटकबाजी का एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस बार का आयोजन था जनता की चुटकीः अनर्गल शब्दों की सभा। राजधानी के सबसे बड़े सभागार में, भव्य सजावट के बीच, एक तेज-तर्रार नेता मंच पर आया। उसकी आँखों में आत्मविश्वास की चमक थी, और उसने कहा, भाइयों और बहनों, आज हम यहाँ इसलिए इकट्ठा हुए हैं ताकि हम अपनी जिम्मेदारियों से भागकर, जनता को दोषी ठहरा सकें! यह सुनकर दर्शकों में हलचल मच गई। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सभी लोग दोषों का ओलंपिक देखने आए हों। पैनल में बैठे अन्य नेता उत्सुकता से उसकी बातों का इंतजार कर रहे थे, जैसे कि कोई सर्कस का हाथी अपने मालिक की बत्तियों का। नेता ने आगे बढ़ते हुए कहा, आज की सबसे बड़ी समस्या है–बिजली का कटना। यह तो पूरी तरह से बिजली विभाग की नाकामी है! क्या आपको पता है, जब मैंने बिजली बचाने के लिए सुझाव दिए थे, तब उनके चेहरे पर क्या भाव थे? मानो कह रहे हों, यह हमारी क्या बला है? सभी नेता जोर-जोर से तालियाँ बजाने लगे, जैसे कि उन्होंने कोई ऐतिहासिक युद्ध जीत लिया हो। इस हंसी-ठिठोली में, एक पत्रकार ने हाथ उठाकर पूछा, महाशय, लेकिन पिछले चुनावों में आपने खुद वादा किया था कि बिजली की कमी को दूर करेंगे। क्या आप इस पर कुछ कहना चाहेंगे? नेता ने हँसते हुए कहा, ओह, क्या करूँ? मैं तो बस एक वादा करने वाला था। अब आप यह कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वादे भी निभाए जाएँ? इसी बीच, एक मंत्री ने अपना स्थान ग्रहण किया। वह गूढ़ वाक्यांशों के लिए मशहूर था। उसने कहा, मेरे प्यारे दोस्तों, असली समस्या तो हमारे देश के युवाओं की है। आजकल के युवा केवल इंस्टाग्राम पर लाइक्स पाने में व्यस्त हैं। यदि वे थोड़ा पढ़ाई पर ध्यान दें, तो शायद हमारी सरकार भी सफल हो पाएगी! पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। दर्शकों में से कुछ लोग अपने फोन पर चित्र ले रहे थे, मानो यह एक ऐतिहासिक क्षण हो। फिर, एक और नेता ने कहा, भाई लोगों, चलो बात करते हैं महंगाई की। महंगाई तो सिर्फ बाजार की एक चाल है। और हाँ, जो लोग इसे लेकर शिकायत कर रहे हैं, वे खुद भी तो बाहर जाकर अपनी ज़िंदगी में कुछ करना नहीं चाहते। तो फिर, क्यों न हम महंगाई को भी कुछ प्यार दे दें? यह सुनकर हँसी का एक नया दौर शुरू हुआ। फिर अचानक, एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने साहसिकता से मंच पर कदम रखा। उसने कहा, क्या आपको नहीं लगता कि आप सभी को अपने कामों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए? एक झटके में, नेता ने उसे खारिज कर दिया, देखिए, आज का दिन सिर्फ मनोरंजन का है। यहाँ कोई गंभीर चर्चा नहीं होगी। इसलिए कृपया वापस जाइए! सभा में जोरदार ठहाके गूंजने लगे, जैसे किसी फि ल्म का हास्य दृश्य चल रहा हो। एक नेता ने तो मजाक में कहा, आओ, हम सबको एक सच्चाई की पार्टी बनानी चाहिए, जहां हम सब अपने असफलताओं को शांति से नकारें! यह सुनकर दर्शक उन्मादित हो उठे। सभा का समापन एक भव्य समारोह के साथ हुआ। नेता मंच पर नृत्य करते हुए एक कवि की तरह कह रहे थे, हमारे कामों का क्या, हम तो दोष देने में माहिर हैं! और जोरदार तालियों के बीच, सभा समाप्त हो गई। सभी नेता अपनी अपनी तारीफें बटोरते हुए वहाँ से चले गए, मानो उन्होंने कोई बड़ा युद्ध जीत लिया हो। इस प्रकार, जनता की चुटकीः अनर्गल शब्दों की सभा अपने अंत में एक और अद्भुत यादगार क्षण जोड़ गई, जिसमें कोई भी अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार नहीं था। यह दर्शाता है कि वास्तव में, इस खेल में सभी को अपने-अपने हिस्से की चुटकी लेनी है, क्योंकि इस दुनिया में जिम्मेदारी का कोई स्थान नहीं है। इस नाटक में सिर्फ जनता की चुटकी थी, और वही लोगों की यादों में बसी रहेगी। आखिरकार, यह तो बस एक मजेदार शो था, जिसमें सभी पात्र अपने-अपने नफे के लिए हाथ मिला रहे थे!




## विश्लेषण

# फूहड़ता और अश्लीलता पर लगाम जरूरी है

मनोज कुमार अग्रवाल

केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर अश्लीलता और आपत्तिजनक कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए एक नया और कड़ा कानून लाने की दिशा में काम कर रही है. मौजूदा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट को बदलकर 'डिजिटल इंडिया बिल' लागू किया जाएगा, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, यूट्यूबर्स, और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नए नियमन होंगे. केंद्र सरकार इस बिल पर पिछले 15 महीनों से काम कर रही है और इसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधानों में विभाजित किया जाएगा. इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और सूचना प्रसारण से संबंधित विशिष्ट नियमों के अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की गवर्नेंस पर भी ध्यान दिया जाएगा, हालांकि अक के लिए अलग से नियम बनाए जाएंगे। हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर अलाहबादिया के विवाद के बाद सरकार ने डिजिटल इंडिया बिल के मसौदे को प्राथमिकता दी है. वतर्मान में, सरकार सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जवाब देने की जिम्मेदारी से जूझ रही है कि आईटी एक्ट की खामियों को कैसे दूर किया जा सकता है, खासकर अश्लील और फूहड़ कंटेंट को नियंत्रित करने के संदर्भ में. आईटी एक्ट 2000 में लागू हुआ था, जब देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या महज 60 लाख थी. आज, यह आंकड़ा 90 करोड़ से भी अधिक है, जिससे यह एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खो चुका है. इस बदलाव को ध्यान में रखते हुए, संसदीय समिति ने सरकार से सवाल किया था कि आईटी एक्ट में अश्लील कंटेंट को लेकर क्या प्रावधान हैं. सुप्रीम कोर्ट भी इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगेगा.सरकार ने मार्च 2024 में 18 ऐसे OTT प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक किया था, जो अश्लील कंटेंट दिखाते थे. इन प्लेटफॉर्म्स के अलावा, 19 वेबसाइट्स, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी बंद कर दिया गया था. हालांकि, हमारे द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि इन बैन किए गए ऐप्स में से कई अब टेलीग्राम पर एक्टिव हैं और वहां नए वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं. इन चैनल्स पर डाउनलोड किए गए मोबाइल ऐप्स के माध्यम से भी कंटेंट उपलब्ध हो रहा है, जो नए नियमों की अवहेलना कर रहा है। डिजिटल इंडिया बिल का उद्देश्य सिर्फ डिजिटल कंटेंट को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि तकनीकी गवर्नेंस को मजबूत बनाना है, ताकि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन अपराध, निजता उल्लंघन और सामाजिक सुरक्षा के जोखिमों से बचा जा सके. सरकार की योजना है कि नए कानून में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विशेष नजर रखी जाए और उनका संचालन ज्यादा पारदर्शी और जिम्मेदार बनाया जाए. इस प्रकार, डिजिटल इंडिया बिल के तहत सरकार का उद्देश्य एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण बनाने का है, जहां अश्लीलता और फूहड़ता का कोई स्थान न हो और उपयोगकर्ता के अधिकारों की सुरक्षा हो.हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूयर्कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चैनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी श्रृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वजर्ना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कारवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो-हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं।

## एक नजर

### कुसमुंडा मेगा परियोजना का निरीक्षण कर सीएमडी जे.पी. द्विवेदी ने उत्पादन वृद्धि पर दिया जोर

**कोरबा 24 फरवरी।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा का 23 फरवरी रविवार को सीएमडी जे.पी. द्विवेदी ने कुसमुंडा मेगा परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खदान के विभिन्न पैच में जाकर उत्पादन, ओबी एवं प्रेषण गतिविधियों का निरीक्षण किया और कोर टीम के साथ चर्चा करते हुए खदान की उत्पादन-उत्पादकता की गहन समीक्षा करी। द्विवेदी ने दैनिक उत्पादन एवं प्रेषण बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उत्पादन में वृद्धि पर जोर दिया और टीम को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरे में निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना-परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कुसमुंडा क्षेत्र राजीव सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चुनाव ड्यूटी में लगा पुलिसकर्मी पाया गया नशे में, निलंबित

**कोरबा 24 फरवरी।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत नुनेरा में चुनाव ड्युटी के दौरान मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर नशे में पाए गए एक पुलिस कर्मी को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना में पदस्थ पुलिस आरक्षक मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर नशे में ड्युटी करने के साथ ही लोगों से बुरा बर्ताव कर रहा था। जानकारी मिलने पर प्रत्याशी व उसके घर वालों ने पुलिस कर्मी को घेर लिया। सूचना मिलने के बाद पाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरक्षक को ग्रामीणों से छुड़ावाया। पुलिसकर्मी का डॉक्टरी मुलाहिजा करवाया गया, जिसमें उसके द्वारा मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन करने की पुस्टि हुई। तब त्वरित कार्यवाही करते हुए कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है और पुलिस लाईन में आमद देने को कहा है।

### कीटनाशक पीकर युवती ने की आत्महत्या

**कोरबा 24 फरवरी।** जिले में कटघोरा थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में रहने वाली 18 वर्षीय तुलसी पटेल ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। तुलसी अपने माता-पिता से अलग नाना के साथ रहती थी। घटना रविवार की है। सुबह तुलसी के नाना सब्जी बेचने बाजार गए थे। जब वे वापस लौटे तो देखा कि तुलसी के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चैकी प्रभारी दाऊद कुजुर के अनुसार, तुलसी बचपन से ही अपने नाना के घर रहती थी। आठवीं पास करने के बाद वह घर का काम करती थी। नाना के साथ सब्जी की खेती करती थी और इसी से घर का गुजारा होता था। मामले में कई संदेह हैं। तुलसी का मोबाइल फोन भी गायब है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### पंचायत निर्वाचन के अंतिम चरण में हुआ 79.65 प्रतिशत मतदान

**कांकेर 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जिले की अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा जनपद पंचायतों में 79.65 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के उपरांत जनपद पंचायत अंतागढ़ में 78.73 प्रतिशत और कोयलीबेड़ा में 80.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में कुल 01 लाख 32 हजार 579 मतदाताओं ने मतदान किया, इनमें 67552 पुरूष और 65027 महिला मतदाता सम्मिलित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में अंतिम चरण के मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़े के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत कुल 166449 मतदाताओं में से 132579 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इनमें 67552 पुरूष और 65027 महिला मतदाता शामिल थे। इस प्रकार महिला की अपेक्षा पुरूष मतदाताओं की संख्या अधिक रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत अंतागढ़ में 48798 मतदाता में से 38420 मतदाताओं ने वोट डाला।

### आजादी के बाद पहली बार खूंखार नक्सली नेता हिड़मा के पैतृक गांव पूवर्ती में हुआ मतदान

# सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित कोंटा ब्लॉक के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह: शर्मा

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार प्रयासों से इलाके की स्थिति को बदलने में सफलता मिली है

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के पूवीं गांव में ऐतिहासिक मतदान देखा गया। यह गांव जो खूंखार नक्सली नेता हिड़?मा का पैतृक स्थान है आजादी के बाद पहली बार चुनाव में भाग ले रहा है। इस चुनाव के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह और आशा का माहौल देखा गया, क्योंकि वे अब पहली बार अपने नोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने में सक्षम हो सके हैं।

सुकमा जिले का यह इलाका वर्षों से नक्सलवाद से प्रभावित रहा है. और यहां के निवासी कई बार नक्सलियों के आतंक के कारण चुना से दूर रहे हैं। लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में पुर्लिस और प्रशासन ने लगातार प्रयासों से इलाके की स्थिति को बदलने में सफलता प्राप्त की है। पिछले कुछ वर्षों में. यहां सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों ने नक्सलियों के प्रभाव को कम किया है, जिससे ग्रामीणों में अब बदलाव की लहर महसूस हो रही है।

**पहली बार पूवर्ती गांव में चुनाव** -पूवर्ती गांव में यह चुनाव ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि यह गांव अब तक किसी भी चुनाव का हिस्सा नहीं रहा था। हिड़?मा जैसे कुख्यात नक्सली नेता के घर होने के बावजूद इस गांव के लोग आजादी के बाद पहली बार अपने वोट का अधिकार इस्तेमाल कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शमां के विशेष प्रयासों से इस बार मतदान में भाग लेने के लिए गांववासियों का उत्साह देखा जा सकता था, जो पहले किसी भी प्रकार के चुनावों से दूर रहे थे।

**नक्सलवाद से जूझते हुए बामीणों ने जताया उत्साह**-पूवर्ती गांव के ग्रामीणों ने इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. जो न केवल उनके लोकतांत्रिक अधिकार की विजय है, बल्कि यह नक्सलवाद के खिलाफ उनके संघर्ष की भी प्रतीक है। गांववासियों का कहना था कि यह उनका पहला मौका है जब वे अपनी आवाज उठा सकते हैं और अपने भविष्य के लिए एक ठोस कदम उठा सकते हैं। चुनाव में मतदान का उत्साह यह साबित करता है कि अब इन इलाकों में नक्सलवाद का असर कम हो चुका है और लोग अपने भविष्य के लिए संजीदगी से मतदान कर रहे हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की भूमिका**-पूवर्ती गांव और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। नक्सलियों से खतरे के बावजूद पुत्रिस और सुरक्षाबलों ने यह सुनिश्चित किया कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। प्रशासन और सुरक्षाबलों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया गया कि किसी प्रकार की हिंसा या उपद्रव की स्थिति उत्पन्न न हो।

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों के आसपास सफाई के दिए निर्देश

- महाशिवरात्रि के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 24 फरवरी।** शहर के नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे शपथ ग्रहण से पहले ही एक्टिव मोड में आ गए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर बनाना उनकी चुनावी एजेंडे का मुख्य हिस्सा रहा है और इस दिशा में उन्होंने काम भी शुरू कर दिया है। महापौर संजय पांडे ने आज सुबह इस विषय को लेकर निगम आयुक्त के साथ बैठक की। बैठक में निगम के कर्मचारी भी मौजूद रहे। चार दफे पार्षद और दो कार्यकाल के दौरान नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए संजय पांडे शहर की सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर हमेशा मुखर रहते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर चलते हुए वे स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते आए हैं। गंदगी ही बीमारियों की मुख्य जड़ होती है, इसे ध्यान में रखते हुए संजय पांडे अपने होम वार्ड के साथ ही अन्य वार्डों की साफ सफाई के लिए आक्रामक तेवर दिखाते रहे हैं। अब महापौर बनने के बाद उन्होंने पहला कदम साफ सफाई की ओर ही बढ़ाया है। महापौर संजय पांडे ने 26 फरवरी को पड़ने वाले महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर शहर के सभी मंदिरों, शिवालयों और देवालयों के आसपास की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि महाशिवरात्रि से पहले इन पवित्र स्थानों से गंदगी पूरी तरह हट जानी चाहिए। निगम आयुक्त के साथ अन्य कर्मचारियों की बैठक में महापौर संजय पांडे ने सफाई व्यवस्था और महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंथन किया। इसके बाद नगर निगम आयुक्त निर्भय कुमार साहू को अपनी मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि महाशिवरात्रि से पहले शहर में स्थित सभी देव स्थानों के आसपास की व्यापक साफ सफाई कराई जाए। नए मेयर संजय पांडे ने अपने इस निर्णय से अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि सनातन धर्म में भगवान शिव ही हमारे आस्था के परम पूज्य महादेव हैं। आदिवासी समाज के लोग भी भगवान भोलेनाथ को बड़ा देव और बूढ़ादेव के रूप में आराधना करते हैं। जगदलपुर में आदिवासी समुदाय के लोग बहुतायत में हैं। अतः महाशिवरात्रि के पर्व को मनाने इस बार सभी मंदिर, शिवालय और देवालय की सफाई कर उनको सुसज्जित किया जाएगा। जिससे इस महापर्व पर सभी सनातनी महाशिवरात्रि पर्व को पूर्ण आस्था, पवित्रता और निष्ठा पूर्वक मना सकें।

## आहूत बैठक में विद्युत कर्मियों ने किया आंदोलन करने का निर्णय

**कोरबा 24 फरवरी।** पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आवासों का किराया वृद्धि वापस करने, कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति, पदों की पुनर्सरचना, ओवरटाइम, सीऑफ सुविधा, अंग्रेजी माध्यम स्कूल का संचालन, इंसेंटिव सुविधा बहाली, ठेका श्रमिकों के हितों के लिए बनाए गए श्रम कानूनों का अनुपालन आदि ज्वलंत मुद्दों को लेकर डीएसपीएम संयंत्र के फेडरेशन 01 के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा आवश्यक बैठक आहूत की, उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही सभी कर्मचारियों के साथ चर्चा परिचर्चा कर फेडरेशन 01 के महासचिव आर.सी. चेट्टी के नेतृत्व में आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही तीनों संयंत्रों डीएसपीएम, कोरबा-पश्चिम और कोरबा-चांपा मार्ग में स्थित मड़वा में उक्त मुद्दों पर सभी कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिसके बाद गेट मीटिंग कर कर्मचारियों को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया जाएगा। मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। बैठक में प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, प्रांतीय जोनल सचिव घनश्याम साहू, महामंत्री कार्यालय सचिव बलजीत कंवर, डीएसपीएम शाखा अध्यक्ष संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष रवि चैहान, उपकोषाध्यक्ष राकेश चैरसिया, सहसचिव सतीश वर्मा, रजनीकांत कुर्रे, संगठन सचिव चित्रेश हनोतिया, कार्यालय प्रभारी मधु धीवर, बंशीलाल मंडावी, कार्यकारिणी सदस्य हरीश ठाकुर, अनुराग डहरिया, निलेश निर्मलकर, रूपेश भास्कर, नरेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विस अध्यक्ष से मिले मंत्री ओपी चौधरी

**रायपुर, 24 फरवरी।** मंत्री ओपी चौधरी ने आज विधानसभा के बजट सत्र के प्रथम दिवस की शुरुआत से पहले विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से उनके कक्ष में मुलाकात की। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आज विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सूने मकान में चोरी करने वाले दो नाबालिग व महिला पकड़े गए

**रायपुर, 24 फरवरी।** प्रार्थी अमर नन्हेट ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रावतपुरा कालोनी फेस 02 टिकरापारा रायपुर में सपरिवार रहता है। प्रार्थी दिनांक 14.12.2024 को सपरिवार अपने ससुराल तिरोडा महाराष्ट्र गया था, कि दिनांक 18.12.2024 को प्रार्थी वापस आकर अपने घर के मेन गेट का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो हाल के दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था।

कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो कमरे में रखा लोहे एवं प्लाई का आलमारी का ताला टूटा हुआ था एवं सामान बिखरा हुआ था आलमारी चेक करने पर उसमें रखें सोने एवं चांदी के जेवरात, चांदी का कटोरी, चम्मच, मेहंदी सेट, सिक्के तथा नगदी रकम नहीं था।

कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखें उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 983/24 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर.पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था।

# जेल में कैदियों को पुण्य लाभ के लिए गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छाशक्ति होती है और वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में 25 फरवरी को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगा जल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परंपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों।उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। इसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार कैदियों के सुधार और उनके पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## दो सांड बीच सड़क पर भिड़े,मची अफरातफरी

**जशपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव में आवारा सांड ने आतंक मचाया। लड़ते हुए दो सांड ने तीन दुकानों को तोड़ दिया। इस दौरान वहां पर खड़ी कई बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसका वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, पत्थलगांव में बीच सड़क पर दो सांड आपस में भिड़ गए। उनकी लड़ाई से लोगों में दहशत का माहौल है।

## अगले दो दिनों में बदलेगा मौसम, प्रदेश के इस क्षेत्र में आज हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर, 24 फरवरी।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव कम होने के कारण प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर से बदलने वाला है. अगले दो दिनों में न्यूनतम तामपान में गिरावट होने की संभावना है. छत्तीसगढ़ में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है. इसके साथ ही दक्षिण छत्तीसगढ़ के बीजापुर, दंतेवाड़ा समेत कुछ जिलों में आज हल्की बारिश के आसार है. मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने के कारण उत्तर से हवा आने की सम्भावना है, जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों में करीब 2 डिग्री तक गिरावट होने की सम्भावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है। प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की सम्भावना है। फिर भी बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में गरज-चमक सम्भव है।

**यहां रहा सबसे ज्यादा तापमान**-छत्तीसगढ़ में शनिवार को सबसे ज्यादा तापमान दुर्ग में 35.6 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो अम्बिकापुर में 13.6 डिग्री तापमान रहा.

# पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चाकू एवं लाठी जब्त किया

- आरोपियों को पकड़कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय किया गया पेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 24 फरवरी।** प्रकरण के प्रार्थी रूपेश कुमार ग्राम बोईरडीह द्वारा दिनांक 22/ 2/ 2025 को थाना छुरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/2/ 25 को गांव के लक्ष्मण कुंजाम के घर ग्राम राजकट्टा (डोंगरगढ़ )से चवथीया आया हुआ था वहीं पर रात्रि करीबन 8.30 बजे बच्चों का नाचने की बात पर से आपस में विवाद हो रहा था तभी राजकट्टा के कुछ लोग बोईरडीह के लोगों के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए चाकू, लाठी , ईट एवं हाथ मुक्का से मारपीट किए हैं की रिपोर्ट पर थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 26/25 धारा 296, 115(2), 118(1) 3(5) BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग (भा श्पु श से श )के निर्देशन, ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं अनु विभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी छुरिया के नेतृत्व में प्रकरण के आरोपियों का लगातार पतासाजी की जा रही थी जो आरोपी कुमार गोड़ एवं सुनील नेताम को हिरासत में लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया जो घटना कारित करना स्वीकार किया जिससे आरोपियों के कब्जे से एक नग चाकू एवं एक नग डंडा पुलिस द्वारा वजह सबूत जप्त किया गया आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया मामले के अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। मामले के आहतगण सामान्य हालात में है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भूआर्य सउनि सतू लाल कवर आरक्षक असवन वर्मा ,सत्येंद्र डहरे ,भुवनेश्वर वर्मा धर्मेंद्र सिंह एवं देवीलाल का सराहनीय योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### जिला सीईओ नम्रता जैन ने पेंटा मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**सुकमा, 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय एवं अंतिम चरण के तहत विकासखंड कोंटा में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न की जा रही है। चुनावी प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए पंचायत के रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने आज मनीकोंटा, पेदाकुरती और पेंटा पंचायत में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों से मतदान की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**महिला और युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह**-कोंटा जनपद में सुबह से मतदान को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और युवा मतदाताओं ने भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही थी।

### कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



- पोलमपल्ली, करिगुण्डम और चिंतागुफा में मतदान का लिया जायजा
- शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए दिए आवश्यक निर्देश

**सुकमा, 24 फ़रवरी।** कोंटा विकासखंड में रविवार को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत तृतीय चरण की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव और एसपी श्री किरण चव्हाण ने कोंटा के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और चुनाव व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लोकतंत्र के महापर्व में ग्रामीण मतदाता सुबह से कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कलेक्टर और एसपी ने पोलमपल्ली, करिगुण्डम और चिंतागुफा में स्थित मतदान केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था, मतदान की प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से संवाद किया और उनकी मतदान से संबंधित अनुभव के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान अभिकर्ताओं से भी बातचीत की और उन्हें शांति से चुनाव कराने का संदेश दिया। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित किया कि मतदाता कतार में खड़े होकर शांतिपूर्वक मतदान करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसी दौरान एसपी ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। एसपी श्री चव्हाण ने कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं, ताकि मतदाता बिना किसी भय के शांतिपूर्ण मतदान कर सकें और चुनाव प्रक्रिया में कोई अव्यवस्था न हो।

### जिला पंचायत कोरबा चुनाव के द्वितीय चरण के अधिकृत परिणाम घोषित

- देखे किसे कितने वोट मिले
- निर्वाचन क्षेत्र 10 से शांति मरावी निर्वाचित हुईं, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 से विद्वान सिंह मरकाम विजयी रहे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से पवन कुमार सिंह को विजय मिली

**कोरबा 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत जिला पंचायत कोरबा के 12 निर्वाचन क्षेत्रों में से द्वितीय चरण में 10 से 12 तक के निर्वाचन क्षेत्रों में 20 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीण मतदाताओं ने पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के चयन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रविवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने द्वितीय चरण के चुनाव परिणाम घोषित किए। मतगणना प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात उन्होंने सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को विजयी किया। घोषित परिणामों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र 10 से श्रीमती शांति मरावी निर्वाचित हुईं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 से विद्वान सिंह मरकाम विजयी रहे। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से पवन कुमार सिंह को विजय मिली। रिटर्निंग अधिकारी श्री नाग ने सभी विजयी प्रत्याशियों को सम्यक निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, उप संचालक सुश्री जूली तिर्की सहित अन्य अधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े कर्मी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस व भाजपा में उपाध्यक्ष पद को लेकर हलचल, निर्दलीय पार्षदों को साथ लाने का प्रयास

**कोरबा 24 फरवरी।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में भाजपा से 10 व कांग्रेस से 13 पार्षद चुनाव जीतकर आये है। उपाध्यक्ष बनने के लिए 6 निर्दलीय पार्षदों को अपने साथ लाने वाले पार्टी का व्यक्ति ही उपाध्यक्ष बनेगा। जबकि एक बसपा की पार्षद है। भाजपा ने दिनेश सिंह को प्रभारी बनाया है। इसके बाद से कांग्रेस व भाजपा में उपाध्यक्ष पद को लेकर हलचल तेज हो गयी है। भाजपा की पार्षद निर्दलीयों को अपने साथ लाने का प्रयास कर रही है। सूत्रों का कहना है कि 4 निर्दलीय पार्षद भाजपा में आने के लिए तैयार हो गये है। इधर कांग्रेस में भी पार्षद काफी दिनों से सक्रिय है। सबसे अधिक 13 पार्षद कांग्रेस में है। लेकिन प्रदेश में सरकार नहीं होने से इन पार्षदों को काफी मशक्कत करना पड़ेगा। वहीं पार्षद उपाध्यक्ष बन सकता है जो सर्वगुण संपन्न होगा। इस मामले में कांग्रेस के पार्षद तेज प्रताप का नाम काफी प्रमुखता से आया है, इसके अलावा राजकुमार मिश्रा सहित अन्य पार्षद भी तैयारी कर रहे है। उपाध्यक्ष पद के लिए पार्षद लगातार गोपनीय ढंग से बैठक ले रहे है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टीकाराम मनहर का कहना है कि अभी तक किसी भी नेता को पर्यवेक्षक नहीं बनाया गया है। पर्यवेक्षक आकर ही यहां बैठक लेंगे।

## एक नजर

### राजिम कुंभ कल्प मेला में रविवार को उमड़ा जनसैलाब महिलाओं और युवतियों ने की जमकर खरीदारी



**राजिम, 24 फरवरी।** माघ पूर्णिमा 12 फरवरी से शुरू हुए राजिम कुंभ कल्प मेला के 12वें दिन रविवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार अवकाश होने कारण दर्शक एवं श्रद्धालुगण मेला का आनंद लेने राजिम पहुंचे। त्रिवेणी संगम स्थित पुराने मेला स्थल और राजिम चौबेबांधा स्थित नवीन मेला मैदान में दोपहर बाद जनसैलाब उमड़ गया। जिधर नजर दौड़ाए उधर भीड़ ही भीड़ दिखी। बेहिसाब भीड़ को देखकर हर कोई कह उठा, ये है राजिम का कुंभ कल्प मेला।ज्ञात हो कि मेला में संत-समागम शुरू हो चुका है। विभिन्न अखाड़ो से आये साधु-संतो के द्वारा प्रवचन किये जा रहे हैं। जिन्हें सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो रहे है। राजिम कुंभ कल्प मेला में सजी दुकानों में आज जमकर खरीदारी हुई। खासकर महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। मीना बाजार क्षेत्र में भी खचाखच भीड़ देखने को मिली। दुकानों में सामानों की बिक्री खूब हुई।

मंदिरों में रही भीड़-राजिम कुंभ कल्प में पहुंचे वाले श्रद्धालु सबसे पहले राजिम के प्रमुख मंदिरों का दर्शन करते हैं। लिहाजा राजिम के भगवान श्रीराजीव लोचन, श्री कुलेश्वर नाथ महादेव, लोमश ऋषि आश्रम, मामा-भाचा मंदिर, राजिम भक्तिन माता मंदिर, साक्षी गोपाल, बाबा गरीबनाथ, आदि में दर्शन पूजन एवं अनुष्ठान करने के लिए लोग पहुंचते रहे और परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।

### राजकीय गमछे और प्रतीक चिन्ह से हो रहा कलाकारों का सम्मान



**राजिम, 24 फरवरी।**राजिम कुंभ कल्प में सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला से प्रतिदिन छत्तीसगढ़ की सौंधी माटी की महक दूर देशों तक पहुंचा रहे हैं। हर कलाकार को अपनी कला से बेहद प्यार होता है। जब किसी के हुनर या प्रतिभा को सम्मानित किया जाता है, उसकी कला और भी निखर कर सामने आती है। राजिम कुंभ में कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद राजकीय गमछा और मोमेंटो से कलाकारों को सम्मानित किया जा रहा है। जिसे पाकर कलाकार खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं।छत्तीसगढ़ के लोक कलामंच के प्रसिद्ध कलाकार देवेंद्र कुमार देशमुख की टीम को कार्यकम देने के बाद जैसे ही राजकीय गमछा से सम्मानित किया गया वे खुशी से झूम उठें। कलाकारों ने चर्चा में कहा कि हमें गर्व हैं अपने छत्तीसगढ़ की लोककला संस्कृति और परंपरा पर। जिस माटी में हम जन्म लिए पले बढ़े उसी की पावन भूमि में राजकीय गमछा और मोमेंटो से सम्मान प्राप्त करना बेहद सुखद और यादगार लम्हा हैं। राजकीय गमछा में बस्तर आर्ट सहित प्रदेश का राजकीय पशु वनभैंसा और पक्षी मैना की आकृति छपी हुई हैं। बस्तर आर्ट में आदिवासी संस्कृति का प्रतीक हैं। बस्तर की कलाकृतियों में आदिवासी समुदाय की ग्रामीण जीवनशैली और संस्कृति की झलक मिलती हैं। राजकीय पशु वन भैंसा जो अपनी शक्ति, साहस और दृढ़ता के लिए जाना जाता है। मैना पक्षी स्मृति, बुद्धि, नकल और संचार का प्रतीक हैं जो कलाकारों को कड़ी मेहनत, त्याग समर्पण,और नियमित अभ्यास की सीख देती हैं।

### मेला में छत्तीसगढ़ी व्यंजन खाने उमड़ रही भीड़

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला में गरियाबंद जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत बिहान रसोई का स्टॉल लगाया गया है। यहां बिहान समूह की महिलाएं छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाकर प्रतिदिन हजारों रुपए का आय अर्जित कर रही है। इस स्टॉल में गर्मा-गरम छत्तीसगढ़ी व्यंजन जिसमें ठेठरी, खुरमी, अरसा, गुलगुला भजिया, चीला, फरा, मूंग बड़ा, उड़द बेड़ा बेचा जा रहा है। इसके अलावा रखिया बड़ी, अदौरी बरी और आचार में नींबू, आम, कटहल, जिमी कांदा, आंवला, हरी मिर्च, लहसुन मिर्च का भी काफी डिमांड देखी जा रही है।

# बस में युवती से छेड़छाड़ के बाद परिजनों ने स्थानीय बस स्टैंड में किया खूब हंगामा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 24 फरवरी।** रायपुर से छुटकर जशपुर तक जाने वाली शिवनाथ बस में एक स्थानीय युवती के साथ छेडखानी की घटना के बाद उसके परिजनो ने यहा के बस स्टैन्ड में कई घंटो तक जमकर हंगामा किया,जिसके बाद बस मे सवार यात्री घंटो तक परेशान होते रहे बाद मे पुलिस ने बस को यहा के थाना लाया गया,जहा आपसी सुलह के बाद बस को अपने गंतब्य की ओर रवाना कर दिया गया। बताया जाता है कि युवती रायपुर से पत्थलगांव आने के लिए शिवनाथ बस मे सवार हुयी थी,इस बीच सारंगढ रायगढ़ के बीच में युवती के साथ एक मनचले युवक ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया,इस घटना को अंजाम देने के बाद युवक रास्ते मे ही कही उतर गया था,इस घटना की जानकारी युवती ने अपने परिजनो को रास्ते से ही बता दी थी,जिसके बाद युवती के परिजन बस आने से पहले ही यहां के बस स्टैन्ड में बस का इंतजार कर रहे थे,पहले तो बस के परिचालक द्वारा युवती के साथ छेडछाड की घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी,परंतु बस के थाना पहुंचने पर पता चला की किसी सवारी ने ही युवती के साथ छेडछाड की थी,इस घटना के बाद परिजन काफी आक्रोश में थे। उन्होने यहा के बस स्टैन्ड मे कई घंटे तक बस को रोके रखा,जिसके कारण बस में सवार दर्जनों यात्री परेशान होते रहे। बाद में पुलिस की दखल अंदाजी के बाद बस अपने गंतब्य की ओर रवाना हो सकी। हालांकि इस घटना ने बस मे अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिये है। देर रात चलने वाली बसो मे इस तरह की घटना होना महिलाओ की सुरक्षा में सेंध लगाने के समान है। राज्य शासन एवं परिवहन विभाग में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर कुछ साल पहले यात्री बसो में सी.सी.टी.वी कैमरा लगाना अनिवार्य किया था,परंतु समय के साथ-साथ बस परिचालको ने परिवहन एवं शासन के इस निर्देश को दरकिनार कर दिया है। यही कारण है कि देर रात चलने वाली बसो मे अक्सर महिलाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति चिंता सताती है।।

# स्वदेशी अपनाकर देश आगे बढ़ रहा है,आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है:उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**राजनांदगांव,24 फरवरी।** 16 से 23 फरवरी तक स्टेट हाई स्कूल में आयोजित स्वदेशी मेला का रविवार को समापन किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने की। विशेष रूप से समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, विनोद डड्ढा और सौरभ कोठारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के साथ स्वागत समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, स्वागत समिति सचिव मूलचंद भंसाली, स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, स्वदेशी मेला संयोजक भागचंद गिड़िया, सहसंयोजक मनोज निर्वाणी, सहसंयोजक मोना गोसाई, भारतीय विपणन विकास केंद्र प्रबंधक सुब्रत चाकी, कार्यक्रम संयोजक शरद श्रीवास्तव, महिला प्रमुख डॉ. साधना तिवारी और सह महिला प्रमुख सुधा पवार सहित अन्य पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। स्वागत सत्कार के बाद अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल बाजार नहीं है यह हमारे आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रस्तुतीकरण है। मैं लगातार तीसरी चौथी बार इस आयोजन में अतिथि के तौर पर आ रहा हूं। सिर्फ यही कारण नहीं है मैं यहां आता हूं क्योंकि मुझे स्वदेशी वस्तुओं से लगाव है अपने लोगों के आर्थिक उन्नति से लगाव है। प्राचीन काल से ही हमारा देश देने वाला रहा है कभी किसी के सामने हाथ फैलाना हमें मंजूर नहीं था। इतिहास इसका साक्षी है। इसके बाद आए गुलामी के दौरान हमें दूसरों पर निर्भर रहकर चलना सिखा दिया और हमारा स्वाभिमान दूर होता चला गया। उन्होंने कहा कि दूसरों पर आश्रित रहने वाला व्यक्ति कभी स्वाभिमान से खड़ा नहीं हो सकता। हमारा मूल तत्व स्वदेशी है स्वदेशी का संबंध वस्तुओं से नहीं अपितु स्वाभिमान से है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल के दौरान पोखरण परमाणु विस्फोट केवल परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि भारत के स्वाभिमान का विस्फोट था। उस दौरान हमने विदेशी ताकतों को बताया कि हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं। इसी तरह कोरोना काल के दौरान जब पूरे विश्व में त्राहिमाम मचा हुआ था तब भारत में ही वैक्सीन का आविष्कार किया और इस वैक्सीन से न सिर्फ अपने देशवासियों की जान बचाई बल्कि पड़ोसी देश को भी वैक्सीन सप्लाई कर आत्मनिर्भर होने का इतिहास रचा। स्वदेशी मेला में 18 राज्यों से व्यापारी आए हैं उनके स्टालों में जाकर स्वदेशी क्या है इसे जानने की जरूरत है। स्वदेशी अपनाकर हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है आने वाले समय में हम और अधिक मजबूत हो जाएंगे। अंत में श्री साव आयोजन समिति के पदाधिकारियों को बेहतरीन आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इससे पूर्व समापन समारोह का स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने दिया। सुब्रत चाकी ने मेला आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और अंत में वरिष्ठ नेता श्री पारख ने सबका आभार व्यक्त किया। मंच संचालन विजय मानिकपुरी ने किया।

स्वदेशी मेला परिसर में शनिवार देर शाम आयोजित सम्मान समारोह में अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, ललित भंसाली, उद्योगपति राजेश जैन और विशेष रूप से विनोद डड्ढा एवं कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ नारे के साथ अशोक शर्मा ने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने आगे कहा कि राजनांदगांव में स्वदेशी मेला जैसा और कोई दूसरा मेला नहीं लगता। स्वदेशी की लड़ाई काफी पुरानी है। लोगों को समझना होगा कि स्वदेश हित ही देश हित है। इसी तरह श्री भंसाली ने स्वदेशी मेला जैसे वृहद आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की और उन्हें बधाई और धन्यवाद दिया। उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में देश का युवा छोटी-छोटी योजनाओं को लेकर आगे बढ़ रहा है। और यह अच्छी बात है। वास्तव में यह देश को मजबूत बनाने के लिए बड़ा कदम है। सरकार नौकरियां सबको नहीं दे सकती, इसीलिए स्वदेशी मेला जैसे आयोजन की महत्ता और बढ़ जाती है क्योंकि उद्योग के माध्यम से स्वरोजगार पैदा करना ही स्वदेशी मेला का उद्देश्य है।

### राजिम कुंभ कल्प में सहज योग ध्यान शिविर से आत्म-साक्षात्कार का मिल रहा लाभ

**राजिम। धार्मिक** नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में राजिम कुंभ कल्प मेला लगा हुआ है। राजिम कुंभ कल्प में शामिल होने साधु-संतों के लिए संत समागम परिसर बनाया गया है। जहां 21 फरवरी से विभिन्न आध्यात्मिक एवं धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है। संत समागम परिसर के पास ही सहज योग ध्यान शिविर लगाया गया है। इस शिविर में श्रद्धालु सहज योग ध्यान पद्धति से आत्म-साक्षात्कार एवं कुंडलिनी जागरण का अनुभव कर रहे हैं।

शिविर में उपस्थित सहज योगियों ने बताया कि सहज योग की संस्थापिका माताजी निर्मला देवी जी हैं। उन्होंने 05 मई 1970 को सहज योग की शुरुआत की। आज विश्व के 140 से भी अधिक देशों में किया जा रहा हैं। सहज योग आत्मज्ञान को प्राप्त करने की अत्यंत सरल, सुलभ एवं सहज ध्यान पद्धति हैं।

बताया गया कि आज के आधुनिक युग में मनुष्य अत्यंत तनाव में और विचारों से घिरा हुआ, भ्रम की स्थिति में हैं। अतः वह जीवन के आनंद को भिन्न-भिन्न प्रकार से खोजने में प्रयास रत हैं। हमारी नई पीढ़ी भी अति-बौद्धिक होकर तर्क संगत हो गई हैं और प्रमाण के आधार पर चलना पसंद करती है। ऐसे में हमारे बच्चों को हम न तो संभाल पा रहे हैं ।

# शौचालय न होने से स्कूली बच्चों,अधिकारियों,कर्मचारियों को भी हो रही परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 24 फरवरी।** शहर की अनेक सार्वजनिक जगहो पर शौचालय की कमी रहने के कारण स्वच्छता अभियान एक मजाक बनकर रह गया है। बस स्टैन्ड के भितर पिछले एक दशक से सार्वजनिक शौचालय की मांग दोहरायी जा रही है,बस स्टैन्ड के करीब ही ब्लाक शिक्षा अधिकारी का कार्यालय राजीव गांधी शिक्षा मिशन का कार्यालय,चार छात्रावास एवं चार विद्यालय स्थित है,इन सभी जगहों में जाने के कारण यहा के बस स्टैन्ड से कुछ दूरी पर प्रवेश द्वार बनाया गया है, परंतु इस प्रवेश द्वार से विद्यार्थीयों के अलावा अब सभी शासकीय कार्यालय में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का निकलना एवं बाहर जाना दुभर हो गया है। दिन भर इस प्रवेश द्वार के पास दुकानदारों के अलावा बस स्टैन्ड आने वाले मुसाफिर भी शौच क्रिया निपटा रहे है,जिसके कारण यहा हर समय गंदगी के साथ-साथ भयंकर बदबू का माहौल बने रहता है। यहा से शासकीय कार्यालय जाना तो दूर अब स्कूली बच्चे भी इस मार्ग से आना जाना छोड़ दिये है। यहां से उठने वाली षडांध शासकीय कार्यालय के साथ-साथ आत्मानंद स्कूल एवं अन्य जगहो को भी पूरी तरह प्रदुषित कर रही है,इस बात की शिकायत शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के अलावा स्कूली बच्चों ने भी कई बार की है,परंतु शहर में सार्वजनिक शौचालय की कमी रहने के कारण लोग शौच क्रिया यहा वहा निपटाकर चले जाते है,ऐसे में इसका खामियाजा आस-पास रहने वाले लोगो को उठाना पड़ता है। शासकीय कार्यालय एवं अनेक स्कूलो तक जाने वाले रास्ते का प्रदुषित प्रवेश द्वार अब गंदगी के साथ-साथ बिमारी भी परोसने का काम कर रहा है। इस प्रवेश द्वार के पास ही प्री मैट्रीक बालक छात्रावास रहने के कारण वहा रहकर पढाई करने वाले बच्चों के सामने भयंकर षडांध के अलावा अब अपने स्वास्थ्य की चिंता भी सताने लगी है। छात्रावास अधीक्षक का कहना है कि प्रवेश द्वार पर शौच क्रिया निपटाने एवं नालियों का गंदा पानी यहा से निकासी होने के कारण छात्रावास मे समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधित समस्यायें उत्पन्न होते रहती है।

# भैरमगढ़ प्रज्ञा पीठ में गायत्री माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 24 फरवरी।** जिले के भैरमगढ़ नगर के देवांगनपारा नवनिर्मित प्रज्ञा पीठ में माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांतिकुंज प्रतिनिधियों के माध्यम से 21 फरवरी को प्रातः मंगल बेला पर संपन्न हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में तथा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम दिनांक 20 से 23 फरवरी के बीच विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। प्रथम दिवस 20 फरवरी गुरुवार के संध्या 3ः00 बजे से नवनिर्मित प्रज्ञा पीठ से होकर भैरमबाबा मंदिर तक नगर के तथा आसपास के सुदूर अंचलों से आए हुए माता बहनों ने कलश यात्रा में बड़े उत्सव उमंग के साथ में भागीदारी की एवं सैकड़ो की संख्या में नंगे पैर लगभग 5 किलोमीटर पद यात्रा अपने सर पर कलश धारण कर किया एवं भैरमबाबा से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। भैरमबाबा मंदिर के समीप स्थित सरोवर से कलश में जल लेकर वापस हनुमान मंदिर,दुर्गा मंदिर में दर्शन एवं निमंत्रण करते हुए कलश यात्रा वापस कार्यक्रम स्थल में पहुंची जहां पर स्वागत उपरांत कलश धारण करने वाले माता बहनों के सम्मान में आरती व देव मंच पर उपस्थित माता गायत्री की आरती संपन्न हुई। द्वितीय दिवस शुक्रवार को प्रातः 6ः00 बजे से 7.30 तक प्रज्ञापीठ में माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वैदिक मंत्रों से विधि विधान के साथ में संपन्न हुआ । मुख्य यजमान के रूप में दानदाता राजेश पांडेय दंपति ने गर्भगृह में पूजन किया एवं पुण्य के भागीदारी बने। प्रथम दर्शन के लिए नगर के कई श्रद्धालुओं सहित जिले भर से गायत्री परिवार के परिजनों ने बारी बारी से दर्शन किया। प्रात 10.00 बजे से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ देव पूजन के साथ संपन्न हुआ तत्पश्चात सभी ने नगर की सुख शांति समृद्धि एवं लोकमंगल की कामना से यज्ञ कुंड में आहुतियां समर्पित किया । संध्या काल में 4ः00 बजे से परम पूज्य गुरुदेव के सप्त सूत्रीय आंदोलन एवं मानव जीवन के मानवीय मूल्यों के बारे में बताया गया संगीतमय टोली में शांतिकुंज से आए हुए टोली नायक सर्वेश शर्मा,सहायक टोली नायक रमेश पटेल, युग गायक सुरेश मरकाम, युग वादक नरेंद्र सलाम, ऑर्गन वादक खुदीराम जी एवं सारथी विवेक सिंह के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बनाकर आए हुए श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जीवन के विभिन्न पहलुओं को छूते हुए अनेक किस्से कहानियों के माध्यम से गायत्री मंत्र की महिमा एवं गायत्री परिवार के युग निर्माण योजना तथा विभिन्न आंदोलन के बारे में बताकर रचनात्मक गतिविधियों से सभी को जोड़ने के लिए प्रेरित किया । तृतीय दिवस प्रातः यज्ञ में नगर के अनेक दंपत्तियों ने परिवार सहित भागीदारी की एवं अपने परिवार की सुख शांति के लिए आहुतियां समर्पित की जिसमें विभिन्न संस्कार निशुल्क संपन्न हुए । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुंसवन संस्कार 12, नामकरण संस्कार 14, मुंडन संस्कार 20,विद्याराम संस्कार 28, दीक्षा संस्कार 34, एवं 04 आदर्श विवाह संस्कार भी संपन्न हुआ । यह इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि रही की इतने सारे संस्कार गायत्री परिवार द्वारा निशुल्क संपन्न कराए जाते हैं ताकि क्षेत्र के लोग भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कार परंपरा से जुड़े एवं अपने आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाएं। संध्या काल में प्रवचन के साथ दीप यज्ञ का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। दीप यज्ञ की सुंदरता देखते ही बनती थी चारों तरफ यज्ञशाला दीपकों से सजा हुआ एवं गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चारों तरफ मधुरता का वातावरण लोगों में आनंद की लहर पैदा कर रही थी। पूर्णाहुति पश्चात, क्षमा प्रार्थना, शुभकामना व देवताओं की विदाई हुई। प्रज्ञा पीठ निर्माण हेतु नगर के दानदाता स्वर्गीय प्रभाशंकर पांडेय एवं स्व.श्रीमती ज्ञानवती पांडेय की स्मृति में उनके पुत्र पुत्रियों द्वारा उक्त जमीन 6 डिसमिल भूमि दान किया गया जिस पर यहां गायत्री चेतना केंद्र का निर्माण किया गया । पूरे कार्यक्रम में परिजनों भोजनालय व्यवस्था, जलपान व्यवस्था, यज्ञशाला व्यवस्था निर्माण एवं कार्यक्रम के दौरान कहीं भी कोई कमी महसूस नहीं होने दी। इस कार्यक्रम के लिए विगत 45 दिनों से परिजनों ने परिश्रम किया और बस्तर के पारंपरिक छावनी के अनुसार यज्ञशाला एवं भोजनालय को ताड़ के पत्तों से यज्ञ मंडप एवं भोजनालय तैयार किया गया जिस वजह से श्रद्धालुओं को गर्मी का एहसास नहीं हुआ। जिले के सभी मंडलों से तथा गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर से सभी ट्रस्टी तथा जिला समन्वयक की उपस्थिति कार्यक्रम में हुई। टोली के द्वारा दानदाताओं के परिवार परिवार वालों को मंत्र चादर, श्रीफल, तिलक चंदन कर सम्मानित किया गया एवं तत्पश्चात प्रमुख परिजनों एवं जिला बीजापुर के ट्रस्टी एवं जिला समन्वय के द्वारा टोली का तिलक चंदन, मंत्र चादर, श्रीफल देकर टोली को विदा करने करने का क्रम पूरा किया। सभी ने माता भगवती भोजनालय में भोजन प्रसाद ग्रहण कर इस भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम के अविस्मरणीय पलों को अपने जीवन में संजोकर अपने-अपने घरों की ओर प्रस्थान किया।

# सुरक्षा बलों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को किया विफल



**बीजापुर,24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत नवीन सुरक्षा कैंप पीड़िया और मुतवेंडी के मध्य कच्चे मार्ग से 100 मीटर की दूरी पर माओवादियों के द्वारा बीयर बॉटल में लगाये गये आईईडी को बरामद किया गया। पीड़िया कैम्प से केरिपु 85 वी एवं 199 वी वाहिनी की टीम आरओपी एवं डिमाईनिंग डयूटी पर निकली थी। ड्यूटी के दौरान केरिपु की बीडी टीम के द्वारा पीड़िया कैम्प से 2 किमी की दूरी पर कच्चे मार्ग से 100 मीटर अंदर जंगल क्षेत्र में माओवादियों के द्वारा बीयर बॉटल में लगाये गये 1 नग आईईडी को बरामद किया गया। माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचने की नीयत से प्रेशर आईईडी बीयर बॉटल में प्लांट किया गया था । केरिपु बीडी टीम के द्वारा माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल करते हुऐ मौके पर बरामद ढ्ढश्वष्ठ को नष्ट किया गया।

# 222 बटालियन ने नक्सलगढ़ गंगालूर में बांटा ग्रामीणों को जरूरत का सामान



**बीजापुर,24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 24/02/2025 को 222 वीं वाहिनी केरिपुबल के द्वारा श्री विजेन्द्र सिंह कमाण्डेन्ट 222 बटालियन के दिशा-निर्देश में श्री सुबोध कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 222 बटालियन केरिपुबल के नेतृत्व में मीडिया एक्सन प्लान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीजापुर जिला के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गंगालूर एवं आस-पास के क्षेत्रों से स्कूली बच्चो को बीजापुर भ्रमण एवं वनभोज हेतु लाया गया। इस दौरान लगभग 50 से 60 की संख्या में बच्चे शामिल हुए जिनके लिए जलपान, भोजन, प्रशिक्षण एवं भ्रमण की व्यवस्था की गई। मीडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता और सफाई, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैविक कृषि, दालों और बाजरा की खेती, शिक्षा एवं कौशल विकास, जलवायु परिवर्तन. सरकारी कार्यालयों का संरक्षण, सामूहिक खेल इत्यादि विषयों पर जानकारी प्रदान करना था। जहां एक ओर देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में सशस्त्र नक्सलियों से लड़ने के लिए सीआरपीएफ और कोबरा जैसी सक्षम सेनाओं द्वारा लगातार सैन्य अभियान चलाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर वैचारिक लड़ाई के लिए गृह मंत्रालय द्वारा मीडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम स्थानीय नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों में वैचारिक मतभेद को कम करने और भावी पीढ़ी को तैयार करने में मदद कर रहा है, जिससे देश के प्रति सम्मान, देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ देश की वर्तमान प्रगति को समझने और अपने लिए प्रगति की दिशा चुनने में मदद मिलेगी। मीडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम में श्री विजेन्द्र सिंह कमाण्डेन्ट, श्री सुबोध कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, श्री कुमार ओमप्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ अनंथा कृष्णन जे. वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ राखी राज वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, श्री बी. वेंकेट रेड्डी, उप. कमाण्डेन्ट, श्री ललित किशोर उप. कमाण्डेन्ट, 222 बटालियन केरिपुबल, एन.जी.ओ बीजापुर एवं बीजापुर जिला के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा स्कूली बच्चों को स्वच्छता और सफाई, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैविक कृषि, दालों और बाजरा की खेती, शिक्षा एवं कौशल विकास एवं जलवायु परिवर्तन इत्यादि विषयों पर के संबंध में व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम की बच्चों ने जमकर प्रशंसा की और बच्चों ने देश के प्रति सम्मान, देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ देश की वर्तमान प्रगति को समझने और अपने लिए प्रगति की दिशा चुनने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर संभव सहयोग करने की प्रतिबधता जताई।

# नक्सल गढ़ में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित कर विकास के द्वार खोल रही है सीआईपीएफ 222 बटालियन



**बीजापुर,24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 23/02/2025 को बीजापुर जिले के अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र गंगालूर में सी/222 वीं वाहिनी केरिपुबल नेविजेन्द्र सिंह कमाण्डेन्ट 222 बटालियन के दिशा-निर्देश में कुमार ओम प्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 222 बटालियन केरिपुबल एवं कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक/जीडी दिशा-निर्देश में श्री कुमार ओम प्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 222 बटालियन केरिपुबल एवं कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक/जीडी सुभाष चन्द्र राय सी/222 बटालियन के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गंगालुर क्षेत्र एवं अन्य आस-पास के गांव जैसे तोड़का आश्रम, कोवापारा, टोण्डापारा, मांजेरपारा, भाण्डारीपारा के जरुरतमन्द महिलाओं, पुरुषों एवं स्कूल के बच्चों को दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली सामाग्री जैसे कम्बल, साड़ी, लूंगी, गमछा, सोलर लाईट, टेलीविजन, चप्पल एवं वर्तन में (कढ़ाई, स्टील पतीला, डेग्चा, पानी का इम) कृषी यंत्र में (फावडा, गैंती, कुलाड़ी, कुदाल) एवं स्कूली बच्चों के लिये (कापी, पेन, पेन्सिल, स्कूल बैग, स्कूल युनिफार्म, फुटबाल, क्रिकेट किट, बालीबाल) इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 300 से 400 की संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे शामिल हुए, जिनके लिये कैम्प परिसर में जलपान की भी व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में गंगालूर थाना प्रभारी गिरीश तिवारी एवं सरपंच पायल हेमला भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान श्री कुमार ओम प्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 222 बटालियन केरिपुबल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के साथ मूल-भूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार के द्वारा चलाया जा रहा सिविक एक्सन कार्यक्रम के माध्यम से तथा अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले साथ हीं जनता और सुरक्षा बलों के बीच एक बेहतर समन्वय स्थापित हो, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा भरसक प्रयासरत रहती है। क्षेत्र में शांति स्थापित करने एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिये भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी। इस कार्यक्रम की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की और ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में नक्सल समस्या को समाप्त करने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर संभव सहयोग करने की प्रतिबधता जताई।

# ग्रामीण सरकार चुनने गुरुर व गुण्डरदेही के मतदाताओं में दिखा उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान पर्व पर बालोद जिले के गुण्डरदेही और गुरुर विकासखंड के मतदान केंद्रों में नजर आ रही मतदाताओं की लंबी कतारें लोकतंत्र के पर्व में उनके उत्साह को दिखा रहा है। दिव्यांग उजियार सिंह ने सपत्नीक मतदान किया। गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम कोड़ेवा स्थित मतदान केंद्र में पहुंचे दिव्यांग मतदाता उजियार सिंह ने अपनी पत्नी गोमती बाई देशमुख के साथ अपने मत का प्रयोग कर जाहिर की खुशी।

**बुजुर्गों में दिखा मतदान के प्रति उत्साह :** गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम सांकरी स्थित मतदान केंद्र में पहुंची बुजुर्ग मतदाता 80 वर्षीय फूलबासन बाई ने अपने मत का प्रयोग किया। एवं ग्राम कोड़ेवा स्थित मतदान केंद्र में पहुंचे बुजुर्ग मतदाता 78 वर्षीय शत्रुघ्न पिपरिया ने अपने मत का प्रयोग किया। तथा ग्राम कोड़ेवा की 21 वर्षीय युवा मतदाता गोमती निर्मलकर ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभुषा में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मत का प्रयोग कर प्रसन्नता व्यक्त की।और गोड़ेला गांव के बूथ नम्बर6 प्राथमिक विद्यालय में दूल्हे बने योगेंद्र कुमार साहू ने बारात जाने से पहले किया मतदान और लोगों से लोकतंत्र के महा पर्व में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने की अपील की।

## समाचार संक्षेप

### रिटर्निंग ऑफिसर ने नवनिर्वाचित जिपं सदस्यों को प्रदान किया प्रमाणपत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ **सारणीकरण के उपरांत विजयी प्रत्याशियों की गई घोषणा**

**बालोद, 24 फरवरी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने आज त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सारणीकरण के उपरांत विजयी प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा करने के पश्चात् जिले के बालोद विकासखण्ड के 02 जिला पंचायत क्षेत्र के नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड में मतदान एवं मतगणना 20 फरवरी को संपन्न हुआ था। जिसका सारणीकरण आज जिला पंचायत सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारियों, अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 के नवनिर्वाचित सदस्य पूजा वैभव साहू एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के नवनिर्वाचित सदस्य तोमन साहू को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### 40 पाव देशी मसाला शराब का परिवहन करते कोचिया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 23 फरवरी को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4400 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब, बिक्री रकम 2400 तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. CG22H5801 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम रामकुमार यादव उम्र 30 साल निवासी इग्राम पनगांव थाना सिटी कोतवाली है।

### पंचायत चुनाव में हारे प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ मतदान दल को बनाया बंधक

**बिलासपुर, 24 फरवरी।** बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र में पंचायत चुनाव में हार से आक्रोशिता एक प्रत्याशी ने विवाद करते हुए अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मिलकर मतदान दल को ही बंधक बना लिया। साथ ही पुलिस दल पर भी पथराव किया। इस पथराव में तीन पुलिस कर्मी घायल हुए है। जिसके बाद पुलिस ने 14 नामजद सहित 100 से अधिक लोगों के खिलाफ ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बिती रात सरकंडा थाना क्षेत्र के लगरा ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के मतदान के बाद मतगणना के दौरान उस वक्त हिंसा भड़क उठी जब हार से आक्रोशित प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने मतगणना स्थल पर हंगामा मचाते हुए पुनर्मतगणना की मांग कर दी। मामला शांत होने की बजाए हिंसक हो उठा और गुस्साए समर्थकों ने मतदान दल पर हमला कर दिया। साथ ही मतदान स्थल पर तैनात पुलिस बल पर भी पथराव कर दिया तथा वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, वहीं दो से तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इस घटना से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया गया। इस मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 14 नामजद समेत 100 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोरबा, 24 फरवरी।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अनुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दिनांक 20 फरवरी को ''विश्व सामाजिक न्याय दिवस'' के अवसर पर जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.) पीए एक्ट कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) की अध्यक्षता में जैन पब्लिक स्कूल, गोढ़ी, जिला कोरबा (छ0ग0) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.) पीए एक्ट कोरबा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि इंसान केवल उन्हीं गलतियों को सुधार सकता है, जिन गलतियों को वह मन से मानता है। नियम-कानून हमारे लाभ के लिए ही बने हैं। माननीय महोदय द्वारा गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि लड़कियों के साथ-साथ लड़के भी असुरक्षित है। इसलिए बच्चों को अंधेरे में, अकेले में निकलने से बचने की सलाह दी गई। साथ ही गलत व्यवहार/नियत का विरोध तुरंत करने हेतु सलाह दी गई। अपने उद्बोधन में उन्होंने आगे मानव अधिकार के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि हमारे हर अधिकार के ऊपर लिमिटेशन है। जैसे विचार व्यक्त करने की अभिव्यक्ति का अधिकार इंसान को तो है परंतु जो शब्द दूसरों को क्षुब्ध करें ऐसे शब्दों का प्रयोग करने का अधिकार उन्हें नहीं है। इंसानों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार तो है, परंतु दूसरों के धर्म को अपमानित करने का अधिकार नहीं है। मानव को अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक वह अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन न करे।

## एक नजर

### रायपुर मंडल ने किया स्टेशन उपभोक्ता सलाहकार समिति गठन



**भाटापारा, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रेलवे बोर्ड लेटर 2025/TG-I/30/SCC/MISS के द्वारा 12 फरवरी 2025 को नियुक्ति राजेश सिंह मंडल वनिज प्रबंध दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के द्वारा की गई 7 स्टेशन में उपभोक्ता सलाहकार समिति 2024-25 के लिए की गई। इस सलाहकार समिति में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह सलूजा पूर्व जिला अध्यक्ष युवा चैंबर ऑफकॉमर्स ,सुरेश भानुशाली अध्यक्ष गुजराती समाज ,मुकेश थरानी सदस्य गोदरी धाम, रविंद्र जैन अध्यक्ष मयूर क्लब भाटापारा ,सुनील दुबे,राकेश नागवानी, एवं चेतन वर्मा कै नियुक्त किया गया। सभी ने शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अजय कुमार स्टेशन प्रबंधक भाटापारा, राजेश शर्मा वरिष्ठ पत्रकार सभी का आभार व्यक्ति आभार व्यक्तियों जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से उपरोक्त नियुक्तियां प्रधान की गई।

### स्कूल जाने में कोताही बरतने वाले स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे

**रायपुर, 24 फरवरी।** इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक नई व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत अब अपात्र विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने से पहले ही रोक दिया जाएगा। क्योंकि वे अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड ही नहीं कर पाएंगे।



पहले कई बार ऐसे मामले सामने आते थे, जहां अपात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो जाते थे, लेकिन अब यह संभव नहीं होगा। अपात्र विद्यार्थियों में वे छात्र शामिल हैं जिनकी कक्षा में उपस्थिति 75त्न से कम है। इसके अलावा, अनुशासनहीनता, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नामांकन, या अन्य अनियमितताओं में संलिप्त छात्रों को भी अपात्र घोषित किया जाता है। मंडल की इस नीति का उद्देश्य योग्य छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर देना है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, बल्कि छात्रों को नियमित उपस्थिति और अनुशासन का महत्व भी समझ में आएगा। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं 1 मार्च से प्रारंभ होंगी, जिसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बार संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर उड़नदस्ता टीम को विशेष रूप से तैनात किया जाएगा। इस वर्ष लगभग 2500 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : अंतिम चरण में भी ग्रामीण मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

# बलौदाबाजार में 41.61 व पलारी में 49.33 प्रतिशत हुआ मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में जिले के जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं पलारी निर्वाचन क्षेत्र में रविवार 23 फ़रवरी को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। अंतिम चरण में भी क्षेत्र के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। अपरान्ह 1 बजे तक जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 41.61 एवं पलारी में 49.33 प्रतिशत मतदान हुआ था।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए बेहतर व्यवस्था की गई थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों नें लगातार मॉनिटरिंग किया। क्षेत्र के युवा, बुजुर्ग सहित दिव्यांग मतदाताओं नें भी बढ़ चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई। रविवार को हुए मतदान में जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 277 एवं पलारी अंतर्गत 275 मतदान केंद्र शामिल थे जिसमें पंच 1926, सरपंच 204, जनपद सदस्य 50 एवं जिला पंचायत सदस्य 7 कुल 2187 पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए मतदान हुआ।

## विवाह मंडप थीम पर सजा मतदान केंद्र बना आकर्षण का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श मतदान केंद्रों को विभिन्न थीम पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। तीसरे एवं अंतिम चरण अंतर्गत शनिवार को जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं पलारी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत सकरी में आदर्श मतदान केंद्र विवाह मंडप के थीम पार बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था जो मतदाताओं एवं आम जनों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया था। मतदान के बाद मतदाताओं नें उत्साह से सेल्फी भी लिया। पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं के साथ ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं नें भी उत्साह के साथ मतदान किया। ग्राम सकरी



निवासी 76 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता राजा राम साहू आदर्श मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। मतदान के बाद उन्होंने कहा, मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और देश-प्रदेश के विकास में भागीदार बनें। राजा राम साहू ने उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को प्रेरित किया कि वे भी मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का उपयोग करें।

## पहली बार की वोटर कविता ने उत्साह के साथ किया मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 24 फरवरी।** लोकतंत्र के इस महापर्व में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करना किसी भी युवा नागरिक के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण होता है। वार्ड क्रमांक 09, घासीदास चौक पारा, कोनारी की 19 वर्षीय कविता टंडन ने भी इसी उत्साह और जोश के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र में अपनी सहभगिता निभाने मतदान किया।

मतदान के बाद कविता टंडन ने कहा, यह मेरे लिए एक गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करने से एक जिम्मेदार नागरिक होने का एहसास हुआ। हर युवा को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यही सशक्त लोकतंत्र की नींव है। स्थानीय प्रशासन और चुनाव अधिकारियों ने भी पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए सराहा। क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।



# मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना प्राथमिकता : लेखराज

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-4 से लेखराज ध्रुवा 10 हजार से अधिक वोटों से विजयी हुए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 24 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से लेखराज ध्रुवा ने 10578 वोटों से जीत दर्ज की है जो अब तक के सर्वाधिक वोटों से जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड है।उन्होंने कहा कि विगत 15 साल से क्षेत्र के जनता के साथ काम किया है उसी का प्रतिफल है कि लोगों ने चढ़कर सहयोग किया और आज यह परिणाम मिला है, उन्होंने जिला मुख्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी से जीत का प्रमाण पत्र लिया है।उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में पार्टी द्वारा अधिकृत करने से लेकर प्रचार तक सभी कार्यो में क्षेत्र के सभी लोगों का सहयोग मिला है इसके लिए क्षेत्र के सभी जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ-साथ उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ लोगों ने उनका चयन किया है अवश्य ही खरा उतरेंगे, ज्ञात हो 15 साल से ग्राम पंचायत नयापारा के तीन बार से सरपंच रहे, इसके अलावा भाजपा के मंडल अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज, सहित विभिन्न समितियां में कार्य करते हैं।नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ने कहा की क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करेंगे।इस पर विधायक रोहित साहू, सांसद रूप कुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सहित पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष रिखी राम यादव, आसिफ मेमन, वेदराम नन्दे व जिला स्तर के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, रामलाल कुलदीप, रमेश सिन्हा, लोकेश चन्द्राकर, इमरान मेमन, मनोज चन्द्राकर, एवं ग्रामीण खिलावन साहू, दयाराम नागेश, पन्नालाल बरिहा, कुलेश्वर साहू, माखनलाल, खोमन यादव, चंद्रिका नागेश, पन्ना चंद्राकर, मोहर सिंग, सोनू राम, कृष्णा पटेल, देवा साहू, टीकम सेन, नरेंद्र साहू, प्रमोद यादव, शिव शंकर जायसवाल, श्याम लाल सोरी, कुशल सिंह ध्रुव, रोहित जगत, गिरवर ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, कृष्ण गुप्ता, थानेश्वर कवर, नारायण सिन्हा, भीखम सिंग मरकाम, हरिराम नेताम, मनीराम यादव, पालेंद्र साहू सहित रसेला, सोरिद, कोसमी, कोठीगांव के ग्रामीण हैं।

### जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी कर हड़प लिये 22 लाख रुपए

# तीन सगे भाइयों को लवन पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ **आरोपियों ने जमीन बिक्री के नाम पर इकरारनामा कर उक्त जमीन अन्य व्यक्तियों बेच दी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 फरवरी।** प्रार्थी संतोष कुमार ताम्रकार निवासी वार्ड क्रमांक 05 लवन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी कन्हैयालाल साहू, कन्हाई लाल एवं पदुमलाल साहू से लवन-अहिल्दा मार्ग में स्थित भूमि को खरीदने के लिए प्रार्थी द्वारा 76 लाख रूपये में इकरारनामा किया गया था तथा प्रार्थी द्वारा कुल 10 लाख रुपए बयाना राशि के रूप में कन्हई लाल साहू के नाम से चेक दिया गया। इसके बाद 24 नवम्बर 2023 को आरोपियों को प्रार्थी द्वारा 12 लाख रुपए दिया गया। इस प्रकार जमीन खरीदने हेतु प्रार्थी द्वारा आरोपियों को कुल 22 लाख रुपए रकम दिया गया है। जमीन की रजिस्ट्री जून 2024 निर्धारित किया गया किंतु आरोपियों द्वारा जमीन का रजिस्ट्री कराने में टालमटोल किया जा रहा था।

प्रार्थी द्वारा अपने स्तर पर पता करने पर पता चला कि आरोपियों



द्वारा तीन जनवरी को उक्त जमीन को किसी अन्य व्यक्तियों को बिक्री कर दिया गया है। इसके बाद प्रार्थी द्वारा अपने एडवांस में दिया गया 22 लाख रुपए वापस मांगा गया तो आरोपियों द्वारा पैसा वापस देने से मना कर दिया गया। आरोपियों द्वारा प्रार्थी को कृषि भूमि बिक्री के नाम पर इकरारनामा कर 22 लाख रुपए एडवांस लेने के बाद भी उक्त जमीन प्रार्थी के नाम रजिस्ट्री ना कर किसी और को बेच दिया गया है तथा प्रार्थी द्वारा दिया गया एडवांस राशि 22 लाख रुपए को छल कपट कर धोखाधड़ी करते हुए आरोपियों द्वारा हड़प लिया गया है।

की रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्रमांक 90/2025 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल तीनों आरोपी भाइयों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से जमीन बिक्री करने के नाम पर एडवांस के रूप में 22 लाख रुपए रकम लेना तथा उक्त जमीन को किसी अन्य व्यक्तियों को बेचकर प्रार्थी से जमीन खरीदी बिक्री के नाम पर एडवांस में लिए गए राशि को वापस ना कर हड़प लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम कन्हैयालाल साहू (50) निवासी वार्ड-2 लवन थाना लवन, कन्हाई लाल साहू (35) निवासी वार्ड-2 लवन थाना लवन, पदुमलाल साहू (45) निवासी वार्ड-2 लवन थाना लवन हाल निवासी ग्राम केंवटाडीह थाना पचपेडी जिला बिलासपुर है।

## एक नजर

### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आज विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 24 फरवरी।** अनुपम नगर में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुनीत लाल बंजारा 45 वर्ष अनुपम नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीए 6405 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### एटीएम में तोड़फोड़

**रायपुर, 24 फरवरी।** ग्राम धनेली रोड स्थित एटीएम में अज्ञात व्यक्ति ने चोरी के नियत से तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलजीत सिंह 37 वर्ष वालफोर्ट सिटी डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने ग्राम धनेली मेन रोड स्थित एटीएम में प्रवेश कर चोरी के नियत से मशीन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो बाइक आपस में टकराए, एक की मौत

**रायपुर, 24 फरवरी।** पंचशील नगर सिविल लाइन के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बगधानीपारा ग्राम गातापार निवासी मृतक मूलचंद यादव 30 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी पंचशील नगर के पास सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 5374 से टकरा गया। जिससे मूलचंद के सिर पर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर घुसकर युवतियों की पिटाई

**रायपुर, 24 फरवरी।** राजधानी के हांडी पारा में कुछ युवकों ने घर में घुसकर लड़कियों के साथ जबरन मारपीट की और फरार हो गए। आज़ाद चौक थाना प्रभारी जितेंद्र ने कहा है कि एक युवती थाना पहुंची है जिसने शिकायत दर्ज कराया है कि उसके घर में घुसकर कुछ युवकों ने मारपीट की है। पीड़ित निषाद ने बताया है कि वो पिकनिक मनाने दोस्तों के साथ काठाडीह गया था। जहां अरबाज खान, मक़सूद खान, भोलू यादव, चीनी लहरे के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की इस मारपीट से बचने के लिये पीड़ित निषाद वह से भागकर घर आ गया। जिसका बदला लेने के लिए अरबाज खान, मक़सूद खान, भोलू यादव, चीनी लहरे ने पीड़ित निषाद के घर में घुसकर उसकी भांजी के साथ मारपीट की है पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसकी भांजी के कपड़े फाड़े और उनके साथ दुर्व्यहार भी किया। मामले में एफआईआर दर्ज किया जा रहा है।

### नशे में गाड़ी चलाते मिले 23 लोग, पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 24 फरवरी।** अटल नगर नवा रायपुर में कल देर रात ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध पुलिस ने विशेष अभियान चलाया. यातायात पुलिस व थाना तेलीबांधा, मंदिर हसौद और राखी स्टॉफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 23 शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया. बता दे कि शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है. नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है.

# पंचायत चुनाव में भाजपा की बढ़त कायम

- जूदेव के पौत्र शौर्य प्रताप और मुख्यमंत्री के साले सालिक साय जशपुर से विजयी
- कोरबा, धमतरी में भी भाजपा समर्थकों की जीत

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 24 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के मतदान होने के पश्चात आज परिणाम आने लगे हैं। जशपुर जिले से भाजपा को बढ़त प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री के साले सालिक साय और स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के पौत्र शौर्य प्रताप सिंह चुनाव जीत गए हैं। कोरबा में भाजपा के 12 प्रत्याशी विजयी हुए हैं। पूर्व गृहमंत्री की बहू हार गई है। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि शीघ्र ही जिला जनपद अध्यक्ष के चुनाव के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार तीसरे चरण में कुल 50 ब्लॉक में चुनाव हुए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पंच, जनपद सदस्य एवं जिला जनपद अध्यक्ष के लिए चुनाव हुए। पंचायत चुनाव गैरदलीय आधार पर होते हैं लेकिन कांग्रेस एवं भाजपा ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया था जिसके चलते यह चुनाव काफी प्रतिष्ठापूर्ण हो गया है। जशपुर जिले में मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। यहां पर कुल 14 जनपद सदस्य हैं। इनमें से अधिकांश भाजपा समर्थित हैं। पूर्व विधायक विनय भगत की बहू चुनाव जीत गईं हैं। वहीं पूर्व मंत्री रामपुकार की बेटी आरती सिंह भी चुनाव जीत गईं हैं। इस तरह कांग्रेस समर्थित चार निर्वाचित हुए हैं। मुख्यमंत्री साय ने भी अपने गृहग्राम बगिया में जाकर मतदान किया तथा लोगों का मनोबल बढ़ाया। आयोग के अनुसार एक मार्च के पहले सभी का निर्वाचन हो जाएगा। जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने अपने-अपने समर्थकों को उठाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर उन्हें घुमाने ले जाया जा रहा है। कोरबा में कुल 14 जनपद सदस्य हैं। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर की बहू भी चुनाव हार गईं हैं। यहां पर भाजपा समर्थकों का दबदबा है। कटघोरा एवं पाली में चुनाव हुए हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक सदस्य निर्वाचित हुआ है। कटघोरा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का विधायक है। सिहावा-नगरी की विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि नगरी-सिहावा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पंच-सरपंच का निर्वाचन हो गया है। वहीं बालोद जिले के गुरूर व गुण्डरदेही में भी मतदान हो चुका है। यहां पर परिणाम देर शाम तक आने की संभावना है। रायपुर जिले एवं महासमुंद जिले में जनपद अध्यक्ष बनने वाले अब मुख्यमंत्री निवास की गणेश परिक्रमा कर रहे हैं।

**27 को पार्षदों व महापौर का शपथ ग्रहण**-नगरीय निगम रायपुर के चुनाव में भाजपा को मिली सफलता के पश्चात अब इंडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 27 फरवरी को होगा। इनमें नवनिर्वाचित पार्षद एवं महापौर पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। पार्षदों ने बताया कि सभापति का चुनाव अभी नहीं हुआ है। इसके लिए पर्यवेक्षक तैनात किया गया है। पर्यवेक्षक पार्षदों से रायशुमारी करेंगे। इसके बाद ही अधिकृत प्रत्याशी तय किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

# महाशिवरात्रि पर राजधानी के शिवालयों में होंगे अनेक कार्यक्रम

- हटकेश्वर, नरहरेश्वर व अन्य मंदिरों में भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 फरवरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी के विभिन्न शिवालयों में शिव के जयकारे गूंजेंगे। 26 फरवरी को होने वाले शिवरात्रि के पावन पर्व पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

राजधानी के ऐतिहासिक हटकेश्वर, नरहरेश्वर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया-संवारा गया है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के साधकों द्वारा भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नई राजधानी स्थित नए आश्रम तथा सड्डू स्थित शांति सरोवर में अनेक कार्यक्रम होंगे।



भगवान भोले को भांग चढ़ाने वाले श्रद्धालु इस समय कीमत को लेकर काफी परेशान हैं। भांग चार हजार रुपए से लेकर 6 हजार रुपए किलो तक मिल रहा है।

राजधानी के अनेक मंदिरों में शिवरात्रि पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया व संवारा जा रहा है। राज्य के कई ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिरों में भी कार्यक्रम होंगे। कुंभ के चलते लोगों में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह है। राजिम कुंभ का भी समापन होने वाला है। यहां पर भी भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई है।

# अग्रवाल संगठन कराएगा कन्याओं का निःशुल्क विवाह

- 1 मार्च 2025 को होगा भव्य आयोजन
- सभी को मिलेंगे घर गृहस्थी के अनेक सामान



**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आगामी फुलेरा दूज 1 मार्च 2025 को निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल एवं प्रमुख सलाहकार श्री दीनदयाल गोयल ने बताया कि, इस सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत, उन सभी जाति और सनातन धर्म के परिवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिन्हें अपनी कन्या का विवाह इस सामूहिक आयोजन में निःशुल्क संपन्न कराना है। अग्रवाल समाज की इस योजना का लाभ लेने के लिए छत्तीसगढ़ के अनेक गांवों से लगभग 95 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके आवेदनों में कुछ त्रुटियां रही, उन्हें निरस्त करते हुए अंतिम तौर पर 51 जोड़े तय कर लिए गए हैं। बीपीएल परिवार के जोड़ों को महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत प्राप्त होने वाली 50000 की राशि भी प्रदान करवाई जा रही है। ऐसे लगभग 30 जोड़े हैं जो बीपीएल परिवारों के अंतर्गत पात्रता रखते हैं। आयोजन के संयोजक श्रीमती शोभा केडिया, श्रीमती गुंजा सुल्तानिया, श्री रमेश अग्रवाल ऑक्सीजोन, श्री रमेश बंसल (पटाखा वाले) बनाए गए हैं, इनके नेतृत्व में होने वाले इस कार्यक्रम में रायपुर जिला अग्रवाल संगठन रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन की पूरी टीम जोर-जोर से लगी हुई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, रायपुर शहर के चारों विधायक सर्व राजेश मूनत, श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, श्री सुनील सोनी, पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा जी ने अपनी सहमति प्रदान की है। रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे, नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मीनल चौबे, विधायक श्री संपत अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है।

# नगर निगम दफ्तर को गंगाजल से पवित्र करेंगी महापौर मीनल चौबे

**रायपुर, 24 फरवरी।** मैं प्रयागराज गई थीज वहां से गंगाजल लेकर आई हूं और शपथग्रहण से पहले वाईट हाउस यानी रायपुर नगर निगम दफ्तर को इससे पवित्र करूंगी. ये कहना है राजधानी रायपुर की नई महापौर मीनल चौबे का. नगर निगम रायपुर में नए महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण की तैयारियां तेज हो चुकी है. 27 फरवरी को नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और पार्षद शपथ लेंगे. नई पारी की शुरुआत से पहले महापौर मीनल चौबे रायपुर निगम में महाकुंभ से लाए जल को छिड़केंगी. गंगाजल से शुद्धिकरण के बाद वह कार्यभार संभालेंगी. इसे लेकर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि गंगाजल से पवित्र करना हमारी आस्था का विषय है. बता दें कि रायपुर नगर निगम में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 15 साल बाद महापौर पद



पर कब्जा जमाया. महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने 153290 वोटों से चुनाव जीता. वहीं रायपुर के 70 वार्डों में से 60 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए. कांग्रेस के 7 पार्षद ही चुनाव पाए. वहीं 3 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी बाजी मारी.

**डिप्टी सीएम भी लेकर आए गंगाजल**-वहीं प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी पिछले दिनों प्रयागराज गए थे और वहां से गंगाजल लेकर आए है. इस गंगाजल से प्रदेश के तमाम जेलों में कैदियों को नहलाने की तैयारी है.

# रजिस्टर्ड दस्तावेजों की स्कैनिंग का काम फिर हुआ शुरू

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रजिस्ट्री दस्तावेजों को डिजिटल बनाने का काम पिछले कुछ समय से चल रहा है. पहले, जिस कंपनी को यह काम सौंपा गया था, वह समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ काम पूरा नहीं कर पाई थी. इसके परिणामस्वरूप शासन ने भुगतान रोक दिया और ठेका निरस्त कर दिया गया. इस कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्कैनिंग का काम रुका रहा. अब, दिसंबर 2024 से नोएडा की एक नई कंपनी को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है. नई कंपनी को रायपुर के अलावा रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर जैसे अन्य जिलों में भी स्कैनिंग का काम सौंपा गया है. जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में एक डिजिटल सिस्टम स्थापित किया गया है।

# विवाद की जाँच के लिए कांग्रेस ने की कमेटी गठित

**रायपुर, 24 फरवरी।** कांग्रेस में पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने इस विवाद की जांच के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी बिलासपुर का दौरा करेगी और पार्टी नेताओं के विरुद्ध की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई की समीक्षा करेगी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, अरुण वोरा और महेंद्र छाबड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।यह टीम बिलासपुर में स्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगी। जांच के बाद रिपोर्ट को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। बिलासपुर जिला और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय, प्रदेश सचिव त्रिलोक श्रीवास, और प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव सीमा पांडेय पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी इस पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) को सौंपेगी।

# छत्तीसगढ़ का बजट 24 बरस में 5700 से डेढ़ लाख करोड़ पहुंचा

**रायपुर, 24 फरवरी।** मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बने 25 साल से अधिक हो गए। इस साल वार्षिक बजट का आकार पौने दो लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुंच चुका है यानी करीब 30 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। जाहिर है, आने वाले साल में बजट लगभग दो लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच जाएगा। मूल बजट के अलावा हर साल अनुपूरक बजट भी पेश होते रहे हैं, इसलिए सालाना आंकड़ा तेजी से उछले। राज्य बनने के बाद बजट 5700 करोड़ रुपए से शुरू हुआ था। 1 नवंबर 2000 को मध्य प्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ नया राज्य बनाया गया।

# गांजा तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 फरवरी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 22.02.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि मोटर सायकल सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा गुल्लू से आरंग की ओर जा रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया।

# रायपुर में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दलदल सिवनी के आर्मी चौक के पास 19 फरवरी को उस समय हड़कंप मच गया, जब पता चला कि एक 6 साल के बच्चे पर कुत्तों ने बुरी तरह हमला कर दिया है.

6 साल के वाशु कश्यप पर तीन कुत्तों का हमला इतना भयावह ता कि मासूम के सिर से चमड़ी तक निकल गई. शरीर पर 100 से ज्यादा छोटे-बड़े जख्म हो गए. निजी अस्पताल में इलाज के बाद अब बच्चे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है. हालांकि डॉग बाइट का रायपुर में ये पहला मामला नहीं है, इससे पहले 12 फरवरी को रायपुर के देवेन्द्र नगर इलाके में आवारा कुत्तों ने 8 साल की बच्ची पर हमला कर दिया था. वहीं खड़े युवक ने बच्ची की जान बचाई थी. परिजनों ने बच्ची को अंबेडकर अस्पताल ले जाकर इंजेक्शन लगवाया था.

**चिंताजनक हैं आंकड़े** -रायपुर के सरकारी अस्पताल से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिले में डॉग बाइट के मामले चिंताजनक हैं. साल 2025 में 1 जनवरी से 18 फरवरी तक हर दिन औसतन करीब 12 लोगों को कुत्तों ने काटा है. इन 49 दिनों में डॉग बाइट के 599 मामले सिर्फ सरकारी अस्पताल में पहुंचे. निजी अस्पतालों के भी आंकड़े जुटाए जाएं तो यह संख्या काफी बढ़ सकती है. यह हालात तब हैं जब रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा हर साल लगभग 15 लाख रुपये आवारा कुत्तों के बधियाकरण पर खर्च करने का दावा किया जाता है. रायपुर नगर निगम में हर वर्ष करीब 15 लख रुपए कुत्तों के बधियाकरण पर खर्च किए जाते हैं. रायपुर नगर निगम का दावा है कि साल 2018 से 2024 तक कुल 30000 कुत्तों का बाधियाकरण किया गया है.

### रायपुर ही नहीं अन्य शहरों में भी है डॉग्स का आतंक

छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी डॉग बाइट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं.रायपुर नगर निगम की ओर से आवारा कुत्तों के लिए सोनडोंगरी में लाखों रुपए की लागत से डॉग शेल्टर हाउस का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है. हालांकि प्रशासन का दावा है कि आवारा कुत्तों से होने वाले नुकसान को कम करने जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं. प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कहना है कि नगर प्रशासन को इसके लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं. योजनाबद्ध तरीके से इसपर काम किया जा रहा है.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26